हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 8 फरवरी 2026
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



# THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL

(Affiliated to CBSE, New Delhi, No. 3330064)



# SHAPING MIND, BUILDING FUTURE

Welcome to The Jain International School, Bilaspur (C.G), where every child's educational journey begins with joy and discovery. We are excited to unfold Pathways prospective students to join our nurturing and vibrant community that Paves Path for a joyful and enriching educational journey there by laying the foundation for lifelong success.

## ADMISSIONS OPEN

NURSERY TO IX & XI, (Session 2026-27)



## AMENITIES:

- **Academic Excellence:** A consistent legacy of District & State Toppers.
- Dual Curriculum Advantage: **Affiliated with CBSE & Launching Cambridge International Education (IGCSE & ESOL).**
- Integrated Career Coaching: Specialized prep for **IIT-JEE, NEET, CLAT, NID, NATA, NIFT,CUET, LSAT, SLAT, CA, and CS** all under one roof.
- **Future-Ready Skills: DEDICATED AI, ROBOTICS, & CODING LAB.**
- **Mathematics and Digital Language Labs.**
- Advanced Sports Facilities: **Horse Riding, Archery, Taekwondo, Tennis Lawn, Skating, Cricket, Football, Swimming.**
- Excellent Boarding: **Fully Air-Conditioned Classrooms & Separate Boarding Houses for Boys & Girls.**
- Performing Arts Qualifications: **Trinity School of Music (London) & Bhatkhande Music Qualifications.**
- **NCC Air Squadron, Naval Wing, Weapon Training & Shooting Range.**
- **Art and Design Space.** • **Digital Library**
- **French as Foreign Language.**
- Security & Safety: **CCTV Surveillance and in House Medical Infirmary**

**SCHOLARSHIP OPPORTUNITY**

UP TO **100%** SCHOLARSHIP

## TJIS ADVANTAGE

- US, UK and Australian College/ University Admission Assistance.
- Smart Classes
- Student Leadership Programme
- Medical Facility
- Central Dinning Hall for Nutritious Diet.
- Inter & Intra – School
- Technology Aided Learning
- Competitions
- Multi Disciplinary Sports & Games Facilities
- Club & Activities
- Domestic and Foreign Tours.
- Hobby Classes
- Teacher Student Ratio 1:30
- Guest Lectures
- 'MUN' (Model United Nations).
- Field Trips
- Inter Disciplinary Academic Rigour/ Approach

## SPECIAL PRIVILEGE TO:

- Armed Forces/Police
  *Army *Navy *Air Force *CRPF *ITBP *BSF *SSB *CISF Personnel
- High Court Employees
- Bank Employees
- Railway Employees
- University/College Employees.

## SPECIAL ADMISSION BENEFITS

- Fee* Relaxation
- Priority Admission Support.
- Scholarship provision for meritorious

Concept & Design @ AdPRAYAS



Mugeli Road, PO Sakri, Bilaspur (CG)
+91 9584461666, 9584461668, 9993589494

Follow us

www.tjisedu.in
www.tjisedu.in/admission
entab.online/tjiscg)

For Admission scan this QR code

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 13.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 8 फरवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


शनिचरी रपटा पर पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

## खबर संक्षेप

### श्रमिक संगठन करेंगे 12 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**बिलासपुर।** सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण, विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों में खाली पड़े पदों में तत्काल भर्ती करने आदि की मांग को लेकर बैंक, बीमा, डाक, राज्य सरकार एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन से संबद्ध समस्त संगठन 12 फरवरी को एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। धरना प्रदर्शन नेहरू चौक में सुबह 11 बजे शुरू होगा। हड़ताल में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों से सम्बद्ध सभी संगठन, केंद्र एवं राज्य सरकार के सभी संगठन एवं असंगठित क्षेत्र के मेहनतकश बड़ी संख्या में भाग लेंगे। हड़ताल की तैयारी को लेकर आयोजित की गई बैठक में पवन शर्मा, रवि बैनर्जी, पीआर यादव, राजेश शर्मा, नन्द कश्यप, शैलेंद्र गोवर्धन, महेश श्रीवास, नारायण चौधरी, बी डी मानिकपुरी और दूसरे साथी उपस्थित थे।

**शिक्षा विभाग में ट्रांसपोर्ट घोटाला** | ना तो बिल क्रमांक है और ना ही कोई नंबर और कोई स्थायी पता, लगातार शिकायतों के बाद अब जांच टीम बनी, विभाग में हड़कंप

# खेल सामग्री, चाय नाश्ते और पुस्तक परिवहन के नाम पर लाखों की गड़बड़ी


विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

खास खबर

शिक्षा विभाग में समग्र शिक्षा की राशि में जमकर गड़बड़ी सामने आई है। 15 से अधिक संकुलों में ट्रांसपोर्ट के नाम पर लाखों रुपए की बंदरबांट कर दी गई। खास तौर पर बिजौर और सिरगिट्टी संकुल में खेल सामग्री, चाय नाश्ते और पुस्तक परिवहन के नाम पर फर्जी बिल पेश कर लाखों रुपए का घोटाला किया गया हैं।

हैरानी की बात यह है कि जिन बिलों पर भुगतान किया गया है, उनमें परिवहन करने वाले वाहनों का कोई अता-पता ही नहीं है। ना तो बिल क्रमांक है और ना ही कोई नंबर और कोई स्थायी पता। अधिकांश बिलों में बिलासपुर के बस स्टैंड का पता दिया गया है। साथ ही जिन वाहनों का नंबर बिल में है वह स्कूटर और बाइक के हैं जबकि इन्हें पिकअप और आटो बताया गया है। सूचना के अधिकार के तहत जानकारी निकालने के बाद हरिभूमि ने उस क्षेत्र में जाकर जानकारी ली तो ऐसे किसी भी दुकान का पता नहीं चला। मामले में शिकायत के बाद अब जांच भी शुरू हो गई है।

भ्रष्टाचार का यह खेल वित्तीय वर्ष 2022 से 2025 के बीच धड़ल्ले से जारी रहा। इस दौरान 10 लाख रुपए से अधिक की राशि इन संकुलों को शासन की ओर से मिली। इस राशि को छात्रों के हित में खर्च किया जाना था लेकिन इसे अपनी कमाई का जरिया बना लिया गया। पूरे मामले में भ्रष्टाचार की परतें तब खुलीं सूचना के अधिकार के तहत जानकारी निकाली गई और स्कूलों द्वारा जारी बिलों की जांच की गई। कई बिलों में न तो बिल नंबर अंकित है और न ही फर्म का वैध पता। बिना सत्यापन के भुगतान भी कर दिया गया।




### कागजों पर दौड़ीं गाड़ियां और गड़बड़ी

सिरगिट्टी संकुल में आरके ट्रांसपोर्ट के नाम पर 10 से अधिक बिल जारी किए गए हैं। इन बिलों में न तो वाहन नंबर है न चालक का नाम और न ही संपर्क के लिए कोई मोबाइल नंबर। किसी में भी बिल क्रमांक तक नहीं है। एक जनवरी 2023 के एक बिल में बिना किसी जानकारी के सीधे बिल का भुगतान कर दिया गया। जब क्षेत्र में पड़ताल की गई तो इस नाम के किसी ट्रांसपोर्टर का सुराग तक नहीं मिला। जांच अधिकारी भी मान रहे हैं कि फर्जी फर्म के नाम पर केवल कागजों पर परिवहन दिखाकर राशि की गड़बड़ी की गई है।

### मामले की जांच के लिए दो टीम बनी

मामले की जांच के लिए दो टीम बनी हैं। बिजौर संकुल की जांच के लिए बनी कमेटी में भाड़ी स्कूल के प्राचार्य जेके खोबरागढ़े, शंकर नगर स्कूल के प्राचार्य आरवीवीएसएनएस रामकुमार के साथ सरकंडा स्कूल के क्लर्क घनश्याम दुबे शामिल हैं। साथ ही सिरगिट्टी संकुल की जांच के लिए बिल्हा बीईओ भूपेन्द्र कौशिक को जिम्मेदारी दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक जिस बिल के माध्यम से भुगतान होता है उसमें सभी डिटेल होने चाहिए। जिस राशि का भुगतान करना है, उसका बिल सही है या नहीं, संबधित संस्थान जिससे वाहन किराए पर लिया गया वह माल वाहक है या नहीं, नंबर क्या है, संस्थान का पूरा पता व अन्य जानकारी समाहित होनी चाहिए।

### एक बिल में तो पांच गाड़ियों के नाम

इसी तरह बिजौर संकुल में 35 के करीब परिवहन बिल लगाए गए हैं। एक बिल में तो पांच गाड़ियों के नाम है। इसमें सीजी 10 एई 1951 गाड़ी नंबर की जानकारी ली गई तो मालूम पड़ा कि यह वाहन एक स्कूटर है जबकि इसे आटो बता दिया गया। इसके साथ ही आरके ट्रांसपोर्ट के नाम सो दो फर्म बताए गए हैं। एक में सिरगिट्टी का पता है तो दूसरे में कोई पता ही नहीं हैं। इसके साथ ही शनि ट्रांसपोर्ट, ग्लोब ट्रेवल्स नाम के ट्रांसपोर्ट के बिल लगाते हुए लाखों रुपए निकाल लिए गए। यह सभी फर्म मौके पर है ही नहीं। सभी बिलो में कोई नंबर, पता या दुकान संचालक का नंबर कुछ नहीं है।

### बनाई गई है जांच टीम

संकुलों में समग्र शिक्षा की राशि में गड़बड़ी की शिकायत मिली है। इस बारे में जांच के लिए दो टीम बनाई गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई जरूर होगी।

**- विजय तांडे**
जिला शिक्षा अधिकारी

**हरिभूमि की खबर का असर :** स्वास्थ्य अधिकारियों के जवाब से कोर्ट असंतुष्ट

# स्वास्थ्य केन्द्र से कर्मचारी नदारद हाईकोर्ट ने संज्ञान में लिया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गांवों में गर्भवती महिलाओं की समस्याओं को देखते हुए मातृत्व आश्वासन स्वास्थ्य केन्द्र में कर्मचारियों के नदारद रहने का मामला गरमा गया है। हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तलब किया है। वहीं अधिकारियों ने बताया कि डाक्टर की पदस्थापना होने के साथ ही कर्मचारी भी मौजूद हैं, लेकिन प्रशिक्षण कार्यक्रम में होने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र बंद रहा है, लेकिन कोर्ट ने इसपर विस्तृत जवाब की मांग की है।

दरअसल तखतपुर ब्लॉक के स्वास्थ्य केन्द्रों की हालत बेहद खराब है। सरकारी फंड से स्वास्थ्य केन्द्र व उप स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा प्रसव पीड़िता व गर्भवती मिलाओं के लिए बनाए गए आयुष्मान मातृत्व आश्वासन केन्द्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है। तखतपुर ब्लॉक के राजपुर में डाक्टर और स्टाफ के नहीं होने की खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की है, इसके बाद हाईकोर्ट ने खबर को संज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की क्लास लगा दी है। कोर्ट में जवाब प्रस्तुत करने के बाद भी संतुष्ट नहीं होने पर अगली तारीख तक विस्तृत रिपोर्ट मंगाई है।


महिलाओं के लिए बना स्वास्थ्य केन्द्र, मिलता है सिर्फ आश्वासन
कागजों में 4 स्वास्थ्यकर्मियों की है ड्यूटी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### सुविधाओं की कमी नहीं टिकते कर्मचारी

बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य केन्द्रों में सुविधाओं की भारी कमी है। राजपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र में ही बिजली नहीं है। यहां कुछ माह पहले केबल लगातार बिजली पहुंचाई गई, लेकिन चोरों ने केबल ही चोरी कर लिया। इसी प्रकार केन्द्र में पानी तक नहीं है। यहां सोलर पैनल के जरिए बिजली की सप्लाई होती है, उससे ट्यूबवेल में लगा सोलर पंप चलता है, लेकिन पैनल खराब होने के बाद से ट्यूबवेल बंद है। ऐसे में कर्मचारियों को ड्यूटी करना मुसीबत लगती है।

## स्पा सेंटर की संचालिका मैनेजर पर मामला दर्ज

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सत्यम चौक स्थित स्पा सेंटर में कार्यरत एक महिला ने संचालिका और मैनेजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उसे आइवरी स्पा सेंटर में मासिक वेतन पर काम पर रखा गया था। संचालिका पूजा ढकाल और मैनेजर नीरू तमंग द्वारा उसकी इच्छा के विरुद्ध अवैध और अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए दबाव बनाया जाने लगा। मना करने पर उसे लगातार मानसिक प्रताड़ना दी गई । पीड़िता ने थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई।

# ब्लैकमेलिंग से त्रस्त दो बच्चों की मां ने की खुदकुशी, प्रेमी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ब्लैकमेलिंग से त्रस्त होकर दो बच्चों की मां के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर प्रेमी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी थाना क्षेत्र के लाखासार निवासी राधेश्याम यादव ने बताया, 12 साल पहले उन्होंने गांव के रंजिता यादव से प्रेम विवाह किया था, उनके दो बच्चे हैं। 19 जनवरी की दोपहर 3 बजे उनकी पत्नी रंजिता यादव ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने थाने में लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया था। सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में उनकी पत्नी रंजिता की तखतपुर खैरी निवासी सौरभ विश्वास पिता दीपक विश्वास से दोस्ती हो गई थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गया। इसी दौरान उसने दोनों की मोबाइल में फोटो ले ली। उसके बाद वह उनकी पत्नी को फोटो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में वायरल कर बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग करने लगा। भय से उनकी पत्नी उसे 2 लाख रुपए दे चुकी थी। उसके बाद भी उसे पैसा देने के लिए युवक दबाव बना रहा था। 19 जनवरी को युवक ने पैसा भेजने के लिए उनके पत्नी मोबाइल में अपना बैंक एकाउंट व बार कोड भेजा था। पति ने मामले की लिखित शिकायत सकरी थाने में की है। इधर पुलिस ने मृतका का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मृतका को मोबाइल जब्त कर जांच में जुट गई है। शनिवार को पुलिस ने जांच के बाद बीएनएस की धारा 108 के तहत जुर्म दर्ज कर प्रेमी सौरभ विश्वास को गिरफ्तार कर लिया है।

# 47 स्वास्थ्यकर्मियों का अटैचमेंट खत्म, कई अभी भी जमे

**महज 3 माह में किए गए अटैचमेंट को किया गया खत्म**

**पूर्व अधिकारियों ने अपने चहेतों को दी है मनपसंद जगह**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संयुक्त संचालक कार्यालय में पदोन्नति और पदस्थापना की जांच जारी है, इसी बीच जेडी ने 47 कर्मचारियों का अटैचमेंट खत्म कर 7 दिनों में मूल पदस्थापना में पहुंचने का आदेश जारी कर दिया है। लेकिन सैकड़ों कर्मचारी अभी भी जमे हुए हैं।

स्वास्थ्य विभाग में सैकड़ों कर्मचारी लंबे समय से अपने मूल पदस्थापना को छोड़ अटैचमेंट की मलाई खा रहे है। बिलासपुर संभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर ने आदेश जारी कर शुक्रवार को 47 कर्मचारियों का अटैचमेंट खत्म कर दिया है। जेडी डॉ अनिल गुप्ता ने बिलासपुर संभाग के अलग अलग स्वास्थ्य केंद्र, नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र, जिला अस्पताल के अटैच 47 स्वास्थ्य कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना में ज्वाइन करने आदेशित किया है, लेकिन 8 माह पहले ही शासन ने अटैच कर्मचारियों को मूल पदस्थापना संस्थान में भेजने का निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को दिया गया था। उसके बाद भी जिले के कई विभागों में अटैचमेंट खत्म नहीं किया गया है। जेडी कार्यालय में फार्मासिस्ट, प्रशिक्षण केन्द्र में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, सीएमएचओ में डाक्टर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, लिपिक, चपरासी, वार्ड बॉय, नेत्र सहायक, फार्मासिस्ट जैसे कर्मचारी मौजूद है। बताया जा पूर्व में जेडी डॉ जेपी आर्या, डॉ एसके तिवारी, डॉ वंदना सिसोदिया के कार्यकाल में भी जमकर अटैचमेंट घोटाला सामने आया था, लेकिन इन अधिकारियों के द्वारा किए गए अटैचमेंट को यथावत रखा गया है, जबकि महज 3 माह पहले किए गए अटैचमेंट को ही खत्म करने का आदेश जारी किया गया है।

### सीएमएचओ में 2 दर्जन जिला में दर्जन भर अटैचमेंट

सूत्रों के अनुसार सीएमएचओ कार्यालय में 2 दर्जन से अधिक कर्मचारी अटैचमेंट पर हैं, सालों से इन्हें हटाया नहीं गया है, जबकि शासन स्तर से तत्काल अटैचमेंट खत्म करने का आदेश है। इसी प्रकार डॉ अनिल गुप्ता द्वारा सिविल सर्जन होते हुए जिला अस्पताल में ही कई लोगों को अटैच कर दिया है। खास बात यह है कि सीएमएचओ में ऐसे कर्मचारी भी ड्यूटी बजा रहे हैं, जिनका ना ट्रांसफर आदेश है और ना ही अटैचमेंट आदेश है, इसके बावजूद अधिकारियों से सैटिंग जमा नौकरी कर रहे है।

### जिला अस्पताल से चल रहा जेडी कार्यालय

बताया जा रहा है कि डॉ अनिल गुप्ता ने पदभार ग्रहण करते ही स्वास्थ्य एवं सेवाएं संयुक्त संचालक कार्यालय से 15 किमी दूर सेंदरी भेज दिया है। कर्मचारियों को 15 किमी दूर जाकर ड्यूटी देना पड़ रहा है। वहीं डॉ अनिल गुप्ता जेडी के साथ ही जिला अस्पताल के सिविल सर्जन का पदभार भी संभाल रहे है। इस दौरान दोनों प्रशासनिक जिम्मेदारी को संभालने के लिए उन्हें जिला अस्पताल में ही ज्यादातर समय गुजारना पड़ रहा है। ऐसे में कई कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान में डॉ गुप्ता जिला अस्पताल से ही जेडी कार्यालय चला रहे हैं।




**यातायात नियमों के उल्लंघन का मामला**

# आरटीओ ने 70 लाइसेंस किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यातायात नियमों के उल्लघंन के मामले को परिवहन विभाग गंभीरता से ले रहा है, पिछले एक माह के भीतर 70 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। इसमें से कई लोगों के लाइसेंस 6 माह के लिए भी निलंबित किए गए हैं।

परिवहन विभाग के अनुसार शराब पीकर वाहन चलाने, लापरवाही पूर्वक सिंगल क्रास करने और एक्सीडेंट करने के मामले में विभाग के अधिकारियों ने 70 ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित कर दिया है। खास बात यह है कि यातायात विभाग ने करीब 50 से अधिक लोगों के लिए प्रतिवेदन तैयार कर परिवहन विभाग को भेजा था, जिसमें ज्यादातर लोगों के विरूद्ध न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया गया है, ऐसे में विभाग के अधिकारियों ने एक माह के भीतर 70 लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि इसमें से 28 लोगों के लाइसेंस 3 माह के लिए निलंबित किए गए है, वहीं गंभीर अपराध में शामिल लोगों को 6 माह के लिए लाइसेंस निलंबित किया गया है। वहीं इसके बावजूद सबक नहीं सीखने और दो बार यातायात नियमों को अंगूठा दिखाने पर सीधे लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।



### साढ़े 6 हजार वाहन बिके

खास बात यह है कि जनवरी 2026 में 6468 वाहन बेचे गए है। इसमें से सबसे ज्यादा 3993 बाइक और स्कूटी बेची गई है। वहीं दूसरे नंबर में कार है। जनवरी माह में 1509 कार जिले भर में बेची गई है। वहीं कृषि कार्य के लिए 132 ट्रैक्टर, 283 माल वाहक, 240 थ्री व्हीक्लस व अन्य वाहन बेचे गए है।

### की गई है कार्रवाई

न्यायालय और यातायात पुलिस से पत्र प्राप्त होने के बाद परिवहन विभाग द्वारा लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाती है। इसकी अवधि 3 व 6 माह की रहती है, इसके बाद दोबारा अपराध साबित होने के बाद सीधे लाइसेंस रद्द कर दिया जाता है।

**- असीम माथूर**, आरटीओ, परिवहन विभाग



## खबर संक्षेप

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच ने मंदिर के लिए किया भूमि पूजन




**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन तुर्काडीह रोड लोखंडी में भगवान परशुराम मंदिर परिसर में भगवान शिव परिवार, संकटमोचन हनुमान, मां भगवती मंदिर के लिए भूमि पूजन पं मनोहर लाल मिश्र, रश्मि लता मिश्रा, पं अजय शुक्ल एवं अंजना शुक्ला ने किया। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान परशुराम की महाआरती एवं पूजन किया गया। ब्रम्ह आलोक सभागार में मंच की मासिक बैठक हुई। कार्यक्रम का संचालन शास्वत शैकी तिवारी ने एवं आभार प्रदर्शन डा. राजीव अवस्थी ने किया। इस अवसर पर बी के पांडेय, अनूप पांडेय, बसंत बाजपेयी, आदित्य त्रिपाठी, रज्जन अग्निहोत्री, श्याम तिवारी, गोपाल तिवारी, कमलेश मिश्र, राजेश पाण्डेय, सुनील दत्त मिश्र, महेश तिवारी, दिनेश बाजपेयी, आलोक त्रिवेदी, कृष्ण मोहन पांडेय, मनोज शुक्ल, अनुग्रह मिश्र अजय शुक्ल, सुरेन्द्र तिवारी, राजा शुक्ल, योगेश मिश्र, बलदेव प्रसाद मिश्र ,सुशील दुबे, श्रद्धा मिश्रा अंजना शुक्ला, अनन्या शुक्ल, संगीता द्विवेदी,सारांश द्विवेदी, शिखा दुबे,अर्चिशा दुबे, अनय मिश्र, प्रेमा पांडेय, प्रभा बाजपेयी, शशांक मिश्र, सिद्धांत दुबे आदि मौजूद थे।

### आर्यन फ़िल्म निर्मित "सपना" फ़िल्म का पोस्टर विमोचित



**बिलासपुर।** आर्यन फ़िल्म के बैनर तले निर्मित फ़िल्म "सपना" के पोस्टर का विमोचन बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के कर-कमलों से किया गया। इस अवसर पर डॉ. एल.सी. मढ़रिया, लेखिका ऋतु साहू एवं फ़िल्म के निर्देशक रामा नन्द तिवारी मौजूद थे। फ़िल्म "सपना" एक गरीब किसान और उसकी बेटी के सपनों को साकार करने के लिए किए गए संघर्ष की मार्मिक एवं प्रेरणादायक कहानी पर आधारित है, जो समाज की वास्तविक परिस्थितियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। फ़िल्म में कलाकारों के रूप में आंचल पाण्डेय, प्रिशा पाण्डेय, वैष्णवी पाण्डेय, तारा यादव, महेंद्र सूर्यवंशी, नरेंद्र सिंह चंदेल, डॉ. सुनंदा मरावी, सुनील पाण्डेय, सोनू महंत एवं राकेश तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं।

### बिलासपुर के आयुष केंद्रों ने मारी बाजी



**बिलासपुर।** आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और बेहतर प्रबंधन को बढ़ावा देने आयोजित 'कायाकल्प आयुष अवार्ड' समारोह 4 फरवरी को आयोजित किया गया। इसमें बिलासपुर सहित मुंगेली जिले के आयुष संस्थानों ने परचम लहराया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया,आयुष संचालक सुश्री संतन देवी जांगड़े, संयुक्त संचालक डॉ सुनील दास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बिलासपुर संभाग के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में आयुष केंद्रों को स्वच्छता और उत्कृष्ट संचालन के लिए पुरस्कृत किया गया। आयुष औषधालय में आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष धूमा बिलासपुर को तृतीय पुरस्कार दिया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल जी एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल जी के दिशा निर्देश एवं कुशल मार्गदर्शन में सफलता मिली है।

### स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान चलाएगा अभियान, सौंपेगा ज्ञापन



**बिलासपुर।** डॉ भीमराव अंबेडकर स्कूल में आज सजे स्वदेशी जागरण मंच और स्वालंबी भारत अभियान की बैठक आहूत की गई। जिसमें स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वालंबी भारत अभियान जिला और नगर प्रमुख के पदाधिकारी उपस्थित रहे। आज का विषय कार्य विस्तार के लिए नगर स्वदेशी जागरण मंच का गठन तथा होली पर्व पर स्वदेशी वस्तु के विक्रय करने जागरूकता अभियान चलाना। कलेक्टर को ज्ञापन और महामाया चौक से नूतन चौक तक रैली निकालना और फुटकर व्यापारियों और अन्य से स्वदेशी सामानों की बिक्री करने आग्रह करने की योजना बनाई गई। जिसमें डॉक्टर सुशील श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्तव, देवेंद्र कौशिक, भृगु अवस्थी, नारायण गिरी गोस्वामी, धीरेंद्र केसरवानी, शोभा कश्यप, सुमन, मनीष गुप्ता, दीप्ति बाजपेई, चानी ऐरी, उपाध्याय ज्योतिंद्र, विवेक पांडे, मीनाक्षी बोमर्द, गणेश रजक, शंकर दास मानिकपुरी, पूनम श्रीवास, अमित श्रीवास, चंचल कुशवाहा, किरण सुमन, आशा कश्यप, मनीष अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### हरदी कला में भव्य कलश यात्रा के साथ पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ कल से

**बिलासपुर।** ग्राम हरदी कला में पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ एवं संगीत मय शिव महापुराण कथा का आयोजन 9 फरवरी से किया जा रहा है। रुद्र महायज्ञ की कुंड सहित तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इस रुद्र महायज्ञ एवं कथा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। कथावाचक एवं यज्ञाचार्य — इस ज्ञान रुद्र महायज्ञ कथा में कथा वाचक आचार्य दीपेश गौरहा होंगे। साथ ही यज्ञाचार्य में शिवम पांडे उनका साथ देंगे। कथावाचक दीपेश गौरहा अपनी मधुर वाणी से भक्तों को अमृत रूपी सागर में डुबकी लगवाएंगे। यज्ञ एवं कथा स्थल — रुद्र महायज्ञ एवं संगीत मय शिव महापुराण नवाह्न यज्ञ कथा का आयोजन स्थल बिलासपुर के समीप ग्राम हरदी कला स्थित खुट बाबा धाम में आयोजित होने जा रहा है।

---

**एक दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रोग्राम** | अनुभव साझा करने और व्यावहारिक चुनौतियों पर चर्चा करने का आह्वान

# लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम- चीफ जस्टिस

■ लीगल एड डिफेंस कौंसिल के लिए रिफ्रेशर प्रशिक्षण संपन्न



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के सहयोग से लीगल एड डिफेंस कौंसिल के लिए एक दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रोग्राम का तीसरा छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कहा कि लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम न्याय तक पहुंच को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 39A के तहत प्रदत्त संवैधानिक जनादेश को साकार करता है। मुख्य न्यायाधीश ने चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल और डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंचितों को दी जाने वाली विधिक सहायता की गुणवत्ता न्याय प्रणाली की विश्वसनीयता को सीधे प्रभावित करती है। उन्होंने प्रतिभागियों से सक्रिय भागीदारी, अनुभव साझा करने और व्यावहारिक चुनौतियों पर चर्चा करने का आह्वान किया। उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू, श्रीमती न्यायमूर्ति रजनी दुबे, न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत, न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय, न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा, न्यायमूर्ति बिभु दत्त गुरु और न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद की उपस्थिति रही।

### राज्य भर के प्रतिभागियों ने भाग लिया

कार्यक्रम में राज्य भर से चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल एवं डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल सहित कुल 74 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्वागत भाषण छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के निदेशक द्वारा दिया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अधिकारीगण, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

## एसपी व सिविल लाइन में की गई शिकायत, प्रसारण पर रोक की मांग

# वेब सीरीज में ब्राह्मण समाज पर प्रतिकूल टिप्पणी से आक्रोश, पुलिस में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते समाज के प्रतिनिधि।

नेटफ्लिक्स वेब पोर्टल पर प्रसारित वेब सीरीज के आपत्तिजनक शीर्षक से हिंदू समाज विशेषकर ब्राह्मण समाज की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं। समाज के लोगों ने इसकी जमकर निंदा की है। नेटफ्लिक्स वेब पोर्टल पर प्रसारित की जा रही एक वेब सीरीज के हाल ही में लॉन्च किए गए टीज़र के शीर्षक को लेकर हिंदू समाज में गहरा रोष व्याप्त है।

उक्त वेब सीरीज का शीर्षक अत्यंत आपत्तिजनक बताया जा रहा है। नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति के अनुसार इस शीर्षक में जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए विशेष रूप से ब्राह्मण समाज को लक्षित किया गया है, जिससे हिंदू समाज एवं विशेषकर ब्राह्मण समाज की धार्मिक, सामाजिक भावनाओं तथा मान-मर्यादा को गंभीर ठेस पहुंची है। समाज के प्रबुद्धजनों का कहना है कि इस प्रकार की भाषा न केवल समाज में वैमनस्य फैलाने वाली है, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता के लिए भी घातक है। नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति, बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा इस विषय को गंभीरता से लेते हुए एसपी और थाना सिविल लाइन में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई है तथा संबंधित वेब सीरीज के निर्माता, निर्देशक एवं नेटफ्लिक्स वेब पोर्टल के विरुद्ध विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की माँग की गई है। समिति ने स्पष्ट किया है कि किसी भी समाज, जाति या धर्म को अपमानित करने वाली सामग्री का प्रसारण अस्वीकार्य है और ऐसे कृत्यों पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समाज-विभाजनकारी एवं भावनाओं को आहत करने वाली सामग्री का प्रसार रोका जा सके।

समिति ने प्रशासन से माँग की है कि इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लेकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, जिससे समाज में शांति, सद्भाव और सामाजिक समरसता बनी रहे। इसका समाज के अरविंद दीक्षित,मनोज शुक्ला, कृष्ण मोहन पांडे, अनिल तिवारी, अनुग्रह मिश्रा टूटू,संजय कुमार शुक्ला ,अखिलेश शुक्ला, अर्पित तिवारी, दिव्य प्रकाश दुबे, डॉ राजीव अवस्थी, अनिल मिश्रा, शैलेश शुक्ला आदि ने जमकर निंदा की है।

---

## धर्मार्थ चिकित्सालय की प्रथम वर्षगांठ पर सम्मानित होंगे चिकित्सक आज



**बिलासपुर।** मूर्ति भगवान श्री वेंकटेश ट्रस्ट द्वारा संचालित धर्मार्थ चिकित्सालय की पहली वर्षगांठ पर रविवार 8 फरवरी को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सुभाष चौक सरकंडा स्थित वेंकटेश परिसर में 8 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में दैवी संपद मंडल के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज निःशुल्क सेवा देने वाले चिकित्सकों का सम्मान करेंगे।

इस अवसर पर संभागीय कमिश्नर सुनील जैन एवं एसएसपी रजनेश सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। एक वर्ष पहले ट्रस्ट ने धर्मार्थ चिकित्सालय की शुरुआत की थी। हर रविवार यहां तीन चिकित्सक ओपीडी में निःशुल्क जांच करते हैं, ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क दवा एवं चश्मा वितरण किया जाता है। निःशुल्क पैथोलॉजी जाँच की भी सुविधा चिकित्सालय में दी जा रही है। मानव सेवा के संकल्प के साथ चल रहे इस अस्पताल में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक निःशुल्क सेवा दे रहे हैं। रविवार को चिकित्सकों का सम्मान किया जाएगा। इनमें डॉ बीपी सिंह, डा.बीआर होतचंदानी, डा. एसएस वाजपेयी, डा. रामकृष्ण कश्यप डा. सुजय मुखर्जी, डा.अविजीत रायजादा, डा.अरविंद शुक्ला, डा. एलसी मढरिया, डा.केके साव, डा.संतोष अग्रवाल, डा. जीके मित्तल, डा. निकिता जायसवाल, डा.समर्थ शर्मा, डा राजेश शुक्ला,डा.अरिहंत जैन, डा.नील माधव, डा.सौरभ लूथरा एवं डा. अनिल श्रीवास्तव शामिल हैं।

---

## 10 साल में रेलवे ने प्रदेश में बनाए 125 आरयूबी और 34 आरओबी

■ सारे रेलवे क्रासिंग बंद करने के आदेश पर किया जा रहा है काम

**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड के आदेश पर जोनल और मंडल स्तर पर सभी रेल क्रासिंग को बंद करने का काम किया जा रहा है। इस कार्य के तहत बिलासपुर और रायपुर डिवीजन ने प्रदेश स्तर पर 10 साल के अंतराल में अब तक 125 आरयूबी और 34 आरओबी बनाकर क्रासिंग को पूरी तरह से बंद कर दिया है।

रेल लाइन निर्माण कार्य के दौरान रेल क्रासिंग भी बनाए जाते हैं। क्रासिंग से आने-जाने वाले लोगों को बेरियर बंद होने के कारण काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। घंटों बेरियर बंद करने के उपरांत रेल प्रशासन मालगाड़ियां और यात्री गाड़ियों का परिचालन करती है। इसकी वजह से कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। मानव रहित और मानव सहित रेल क्रासिंग पर बेरियर बंद करने और ओपन करने के लिए रेलवे को एक कर्मचारी यानि गेटमैन की भी ड्यूटी लगनी पड़ती है, जिसमें एक कर्मचारी बेरियर बंद और ओपन करने में ही पूरा समय निकाल देते हैं। इसके कारण रेलवे को भी काफी नुकसान उठाना पड़ता है। बिलासपुर से उसलापुर और बिलासपुर से रायगढ़ के रेल लाइन के बीच करीब 10 से अधिक रेलवे क्रासिंग हैं, जिसमें मुख्य रेल क्रासिंग को रेल प्रशासन ने बंद करने के बाद आरओबी और आरयूबी का निर्माण कार्य कर दिया है। वहीं रेलवे बोर्ड ने भी सभी जोन के साथ बिलासपुर एसईसीआर के तीनों डिवीजन में आने वाले मानव सहित और मानव रहित रेलवे फाटक को पूरी तरह से बंद करने का आर्डर जारी किया है। बोर्ड का आदेश है कि ऐसे क्रासिंग को बंद करने के बाद आवश्यकतानुसार आरओबी और आरयूबी बनाए जाएं, जिसके लिए रेल मंत्रालय राशि भी तत्काल आबंटित कर रही है। इस आदेश के बाद बिलासपुर रेल मंडल और रायपुर रेल मंडल ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के ज्यादातर रेलवे फाटक को बंद करने के बाद रोड अंडरब्रिज और रोड ओवरब्रिज का निर्माण कार्य कर दिया है, जिसमें अब केवल 78 रेल क्रासिंग में कार्य करना शेष है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार एसईसीआर जोन और प्रदेश स्तर पर हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन और बिलासपुर-कटनी लाइन पर 237 से अधिक मानव सहित और मानव रहित रेलवे फाटक हैं।

---

## परीक्षा शुल्क में दोगुनी वृद्धि फार्म भरने देने होंगे अब 150 रुपए




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पांच साल बाद बोर्ड परीक्षाओं के शुल्क में लगभग दोगुनी बढ़ोत्तरी की है। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए नियमित परीक्षा शुल्क, अंक पत्र और प्रति विषय प्रैक्टिकल को मिलाकर पहले 460 रुपए देने होते थे, अब इसके लिए 800 रुपए देने होंगे। इसी तरह आवेदन फार्म के लिए अब 70 रुपए ज्यादा देने होंगे। पहले 80 रुपए देने होते थे, लेकिन अब 150 रुपए देने होंगे।

माशिमं के मुताबिक 10वीं और 12वीं के परीक्षा शुल्क में वृद्धि का निर्णय कार्यपालिका समिति की बैठक में लिया गया। समिति ने लगभग 22 मदों में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इसमें नामांकन शुल्क, अतिरिक्त विषय, एक विषय- दो विषय (द्वितीय मुख्य/ अवसर परीक्षा), स्वाध्यायी छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर के छात्रों के लिए पंजीयन एवं अनुमति शुल्क, स्वाध्यायी छत्तीसगढ़ राज्य के नवीन छात्रों के लिए पंजीयन एवं अनुमति शुल्क जैसे 21 मदों के शुल्क में लगभग डेढ़ से दुगुनी वृद्धि की गई है।

### 2021 में बढ़ाई गई थी फीस

नियमित आवेदन पत्र तय समय में जमा नहीं करने पर प्रति परीक्षा 31 दिसंबर तक के लिए 2 हजार रुपए देने होंगे। पहले इसके लिए 1540 रुपए देने होते थे। बता दें कि माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 2026-27 सत्र के लिए यह वृद्धि की है। इससे पहले मंडल ने 2021 में परीक्षा शुल्क समेत दूसरे अन्य शुल्क में वृद्धि की थी। हालांकि, प्रवेश पत्र की दूसरी प्रति निकलवाने के लिए लगने वाले शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की गई है। पहले की तरह अभी भी प्रवेश पत्र द्वितीय प्रति के लिए शुल्क 80 रुपए ही है।

### एससी/एसटी छात्रों के पंजीयन शुल्क भी बढ़े

छत्तीसगढ़ राज्य के स्वाध्यायी एससी/एसटी छात्रों के पंजीयन एवं अनुमति सहित लिए जाने वाले शुल्क में भी लगभग डेढ़ गुनी वृद्धि की गई है। पहले जहां इसके लिए 560 रुपए देने होते थे। वहीं, अब इसके लिए 800 रुपए देने होंगे। हालांकि, राज्य के नए छात्रों और बाहर के छात्रों के पंजीयन एवं अनुमति सहित लिए जाने वाले शुल्क में 560 रुपए की वृद्धि की गई है। पहले 1540 रुपए देने होते थे, लेकिन अब दो हजार रुपए देने होंगे। इसके अलावा एक विषय और दो विषय (द्वितीय मुख्य/ अवसर परीक्षा) के शुल्क में भी लगभग डेढ़ गुना वृद्धि हुई है। एक विषय के लिए 280 रुपए के स्थान पर 4 सौ रुपए और दो विषय के लिए 340 रुपए के स्थान पर 600 रुपए देने होंगे।

---

## सीयू विद्यापरिषद में उठा संविदा पदों पर नियमित नियुक्ति का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में संविदा के पदों पर नियमित नियुक्त का मामला शनिवार को विदया परिषद की बैठक में उठा और स्टेंडिंग कमेटी के निर्णय का अनुमोदन किया गया। यह भी चर्चा है कि बैठक में एमएमटीटीसी के अधिकारियों-कर्मचारियों से भुगतान किए गए वेतन वसूली से बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में आज विदयापरिषद की बैठक हुई, जिसमें स्टेडिंग कमेटी में जो निर्णय लिए गए हैं उन्हें रखा गया। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर जहां पर टीचरों को ओरिएंटेशन कोर्स, रिफ्रेसर कोर्स जैसे ट्रेनिंग प्रोग्राम होते हैं। वहां संविदा वाले अस्थाई पदों पर नियमित नियुक्ति दिए जाने का मामला भी बैठक में उठा। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 20 जनवरी को स्टेडिंग कमेटी की बैठक बुलाई हुई थी, जिसमें यूजीसी के पत्र के बारे में चर्चा हुई और एमएमटीटीसी अंतर्गत विभिन्न गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्तियों की शर्तों में परिवर्तन किए जाने की संस्तुति की गई तथा उन्हें कार्यकालिक नियमिति नियुक्ति के स्थान पर संविदा नियुक्त के रूप में रूपांतरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही इन सभी कर्मचारियों से जिन पदों पर ये कार्यरत थे उसका जितना वेतन भुगतान किया गया है उस आधिक्य भुगतान राशि कर्मचारियों से वसूली करने का भी निर्णय हुआ था। लेकिन आज की बैठक को लेकर यह चर्चा है कि इन अधिकारियों-कर्मचारियों से वसूली से बचाने का प्रयास किया जा रहा है और इस संबंध में यूजीसी को भी पत्राचार करने की बात हुई है।

### ईसी के मुद्दे एसी में रखें

स्टेडिंग कमेटी एकेडमिक कौंसिल विद्यापरिषद की कमेटी एमएमटीटीसी में नियुक्त का मामला पहले स्टेडिंग कमेटी में लाया गया, उसके बाद आज एकेडमिक कौंसिल में रखा गया, जबकि यह परीक्षा, अकादमिक, फेलोशिप, प्रवेश जैसे विद्यार्थियों से जुड़े मामले इनमें रखें जाते हैं। एमएमटीटीसी वाला मामला एक्जिकेटिव कौंसिल कार्यपरिषद का मामला है, क्योंकि नियुक्ति, जांच, कार्रवाई, वसूली आदि का मामला वित्त समिति और कार्यपरिषद का मामला होता है। इसीलिए कार्यपरिषद के बजाए एमएमटीटीसी में अस्थाई पदों पर पांच कर्मचारियों को रेगुलर नियुक्ति दिए जाने का मामले में यूनिवर्सिटी के जिम्मेदार अधिकारियों को बचाने के लिए स्टेडिंग कमेटी व एकेडमिक कौंसिल में लाया गया। क्योंकि स्टेडिंग कमेटी में यूनिवर्सिटी के ही कुछ लोग रहते है और एकेडमिक कौंसिल के चेयरमेन कुलपति होते है और यूनिवर्सिटी के सारे संकाय डीन सदस्य होते हैं। किसी भी पद का विज्ञापन कुलपति के अनुमति से निकाला जाता है और नियुक्तियों का अनुमोदन कार्यपरिषद में होता है। इसलिए कार्यपरिषद में रखकर मामले में इस गंभीर गड़बड़ी की जांच कराया जाना था। कार्य परिषद के भी चेयरमेन कुलपति होते हैं, किन्तु उसमें यूजीसी, शिक्षा विभाग सहित बाहर के भी सदस्य होते हैं।

### वर्ष 2023 में विज्ञापन निकालकर की गई थी भर्ती

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के यूजीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए 17 मई 2023 को विज्ञापन निकाला गया था। इसमें टेक्नीकल आफिसर ,सेक्शन आफिसर, जूनियर असिस्टेंट, सीनियर असिस्टेंट, हास्टल अटेडेंट इन पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया की गई थी। इसमें टेक्नीकल आफिसर पद पर प्रिती शुक्ला, सेक्शन आफिसर पद पर आरची वर्मा, जूनियर असिस्टेंट पद पर रूपाली उपाध्याय, सीनियर असिस्टेंट पद पर हेमंत यादव, हास्टल अटेडेंट पद पर सुरेश कुमार की नियुक्ति हुई थी।

---

## एजुकेशन प्लस

### ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन डे का भव्य आयोजन




**बिलासपुर।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन डे सेलीब्रेशन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन अंजलि अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिससे पूरा परिसर सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह से भर गया। इस अवसर पर यूकेजी के छोटे बच्चों ने अपनी शिक्षा के पहले चरण को पूरा करने का जश्न मनाया।

ग्रेजुएशन डे एक महत्वपूर्ण अवसर है जब बच्चे अपनी शिक्षा के अगले चरण में प्रवेश करने के लिए तैयार होते हैं। यह दिन बच्चों के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है, जहां वे नए अनुभवों और ज्ञान के साथ आगे बढ़ेंगे। ग्रेजुएशन डे पर बच्चों के लिए विशेष ड्रेस कोड रखा गया था। इस अवसर पर मोंटेसरी के बच्चों ने मनमोहक एक्शन डांस की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। नर्सरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत अल्फाबेट परेड कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें बच्चों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। ग्रेड एलकेजी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य कार्यक्रम भी अत्यंत सराहनीय रहा। अंत में यूकेजी के सभी विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस शुभ अवसर पर स्कूल की चेयरपर्सन, डायरेक्ट एवं प्रिंसिपल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एलसीआईटी में प्लेसमेंट ड्राइव 10 को, मिलेगा ऑफर लेटर

**बिलासपुर।** एलसीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा जापानी बहुराष्ट्रीय कंपनी योकोहामा टायर्स लिमिटेड के सहयोग से महिला उम्मीदवारों के लिए ओपन प्लेसमेंट ड्राइव (सीजन–2) का आयोजन 10 फरवरी को सुबह 11 बजे एलसीआईटी परिसर के सेमिनार हॉल में किया जा रहा है। इस ड्राइव में किसी भी कॉलेज या संस्थान से आने वाली योग्य महिला उम्मीदवार निःशुल्क भाग ले सकती हैं। गत वर्ष आयोजित पहले सीजन को भारी सफलता मिली थी, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया। इसी क्रम में इस वर्ष सीजन–2 में व्यापक भर्ती की जा रही है, जिसमें चयनित उम्मीदवारों को उसी दिन ऑफर लेटर दिए जाएंगे।

यह ड्राइव विशेष रूप से महिला उम्मीदवारों के लिए है। इसमें ग्रेजुएशन, डिप्लोमा एवं आईटीआई पास अभ्यर्थी आयु 18–30 वर्ष भाग ले सकती हैं। चयनित उम्मीदवारों को 2.8 लाख से 4.5 लाख रुपए प्रतिवर्ष तक का पैकेज मिलेगा। योकोहामा टायर्स ने अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स में 100% महिला वर्कफोर्स का लक्ष्य रखा है। कंपनी सुरक्षित कार्यस्थल, निःशुल्क भोजन, आवास, परिवहन, यूनिफॉर्म, चिकित्सा सुविधा, प्रशिक्षण, मेंटरशिप, ऑन-द-जॉब लर्निंग एवं करियर ग्रोथ जैसे बेहतरीन लाभ प्रदान करती है। अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है। एलसीआईटी के चेयरमैन प्रमोद जैन, वाइस चेयरमैन अंकित जैन एवं सचिव उपकार राय ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, शुभी श्रीवास्तव एवं अभिनव पॉल ने इसे महिला छात्राओं को उद्योग से सीधे जोड़ने का प्रभावी माध्यम बताया। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर अमित पांडेय ने बताया कि इस ड्राइव में 1000 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने सभी योग्य महिला उम्मीदवारों से भाग लेने की अपील की।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 8 फरवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



एग्जाम

## सीटेट की परीक्षा में बॉयोमेट्रिक नहीं होने से परीक्षार्थी हुए परेशान

**बिलासपुर।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) का आयोजन शनिवार को किया गया, शहर में तकरीबन 34 हजार 500 अभ्यर्थियों ने 34 केंद्रों पर पेपर 1 की परीक्षा एक पाली में सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 तक चली। सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित



इस परीक्षा में सिटी कोऑर्डिनेटर द्वारा गंभीर लापरवाही की वजह से परीक्षार्थियों को परेशान होना पड़ा,परीक्षा सेंटर में प्रवेश के पहले बॉयोमेट्रिक की प्रक्रिया नहीं हुई। जबकि एडमिट कार्ड में स्पष्ट उल्लेख था कि प्रवेश के पहले बॉयोमेट्रिक करना अनिवार्य था। परीक्षार्थीयों को असमंजस की स्थिति में रहकर परीक्षा दिलाना पड़ा। परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया और सिटी कोऑर्डिनेटर और परीक्षा सेंटर प्रमुख पर आक्रोश जताया। इन्होंने कहा कि अगर परीक्षार्थी एडमिट कार्ड में दिए निर्देशों का पालन ना करें तो उन्हें परीक्षा से बाहर कर दिया जाता है। मगर जब यही गलती कोऑर्डिनेटर द्वारा किया गया तो कोई कार्रवाई नहीं की गई। सीबीएसई बोर्ड द्वारा परीक्षा की जिम्मेदारी दी जाती है,मगर जिन मानकों पर परीक्षा का आयोजन किया जाना था, उसकी कोई तैयारी नहीं की गई ।

कला

## रेल्वे में बनाई जा रही 10 फीट ऊंची बुद्ध की प्रतिमा

**बिलासपुर।** कोचीन डिपो बिलासपुर में रेल्वे के व्यर्थ पड़े कबाड़ से 35 सौ लॉकिंग प्लेट और 4 सौ स्प्रिंग के टुकड़ों से 10 फीट ऊंची बुद्ध की प्रतिमा बनाई जा रही है। वरिष्ठ कोचीन डिपो अधिकारी बलराम साहू और वरिष्ठ अनुभाग अभियंता राजू



सोनकुसले के निर्देशन में रेल्वे के कलाकार अशोक देवांगन अपने 4 रेल्वे कर्मियों की टीम के साथ इसे आकार दे रहे हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के नवाचार का यह एक अनोखा प्रयोग है। रेल्वे के अनुपयोगी सामानों को संयोजित कर उसे नयनाभिराम कलाकृतियों का रूप दिया जा रहा है। यह रचनात्मकता और इंजीनियरिंग का अमूल्य उदाहरण है। इससे पहले भी कलाकार श्री देवांगन रेल्वे के स्क्रैप से भगवान गणेश, दुर्गा, देव शिल्पी विश्वकर्मा, इंडिया गेट, गेट वे ऑफ इंडिया, ताजमहल, कुतुबमीनार, मेक इन इंडिया जैसे सैकड़ों कलाकृतियां देश भर के विभिन्न रेल्वे कारखानों में बना चुके हैं। उनकी कलाकृतियों को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नामांकित किया जा चुका है।

आयोजन

## पुलवामा के शहीदों की याद में परिवार का 14 को होगा सम्मान



**बिलासपुर।** पुलवामा में शहीद हुए जवानों की याद में राष्ट्रवादी संगठनों के द्वारा सीएमडी कॉलेज मैदान में 14 फरवरी को शहीद परिवारों तथा पूर्व सैनिकों का सम्मान तथा शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर दी प्रज्वलित किया जाएगा। राष्ट्रवादी संगठन श्री संस्कार फाऊंडेशन व पूर्व सैनिक संगठन एवं अन्य संगठनों के द्वारा सीएमडी कॉलेज मैदान में यह आयोजन किया जा रहा है । महेंद्र प्रताप सिंह राणा, सोनिया साहू ,डॉक्टर रश्मि दीक्षित ,सुनील कुमार सिंह, योगेश शर्मा जितेंद्र साहू ,सुनील तिवारी ,राजकुमारी देवी तथा चंपा साहू ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि राष्ट्रवादी संगठन, श्री संस्कार फाउंडेशन तथा पूर्व सिपाही संगठन मिलकर शहीद परिवार तथा पूर्व सैनिकों का सम्मान करने जा रहा है। 14 फरवरी को शाम 4 बजे सम्मान समारोह होगा तथा शाम 6 बजे शहीद स्मारक चौक पर पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए दीप प्रज्वलित किया जाएगा। महेंद्र सिंह राणा ने संस्कार फाउंडेशन की सोनिया साहू ने कहा कि पुलवामा में 14 फरवरी का दिन ब्लैक डे घोषित है।

कार्यक्रम


## लायंस क्लब मिडटाउन की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने शनिवार को फरवरी माह की बैठक आयोजित की। इसमें रीजन चेयरपरसन बी महेश कुमार ने रविवार 8 फरवरी को चितवन फार्म हॉउस में संपन्न होने वाली रीजन 4 जोन स्टॉफ मीट की जानकारी दी। बैठक में फरवरी माह में क्लब के जिन सदस्यों का जन्मदिन आता है उनका जन्मदिन उत्सव मनाया गया। अंत में तिरंगे रंग के परिधान में अपने क्लब और उनके पारिवारिक सदस्यों के साथ बार्डर-2 मूवी देखने का आनंद लिया। इस अवसर पर सुधा साव, आरती साहू, नीना गरेवाल, उषा तिवारी, कुसुम गोयल, सावित्री मिश्रा, संध्या पांडेय, शंपा दत्ता, जीत उपवेजा, सतिंदर कौर चतरथ, रश्मि छाबड़ा, उषा सलूजा, अमरजीत छाबड़ा, सुमन, उषा, शुभ्रा गुप्ता, सुचित्रा साव, आरती अम्बष्ट, सीमा देवांगन, अंजिता उपाध्याय, मनी जायसवाल, नागमणि राव आदि मौजूद थे।

# राणी शक्ति दादी का अलौकिक श्रृंगार

गौरव पथ स्थित राणी शक्ति दादी मंदिर का 21वां स्थापना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। दूसरे दिन शनिवार को दादीजी का अलौकिक श्रृंगार कर मेहंदी लगाई गई।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वार्षिकोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत विभिन्न धार्मिक आयोजन किया गया। सुबह मंगल से शयन आरती तक पांरपरिक पूजा-अर्चना एवं भजन हुआ। इसके अलावा राणी शक्ति दादी के साथ ही भगवान शंकर, हनुमानजी और अन्य सभी देवों का विशेष श्रृंगार किया गया। दादी की हाथों में महिलाओं द्वारा मेहंदी लगाई गई। सवामनी प्रसाद लगाकर भक्तों द्वारा पोषक एवं चुनरी सेवा की गई। पहले दिन शुक्रवार को मंगल पाठ वाचक सुश्री अर्चना अग्रवाल ने मंगल पाठ किया। दूसरे दिन शनिवार को सुबह दादीजी की सेवा में सुबह से जात एवं धोक पूजा कर सवामणि प्रसाद लगाया गया। रात्रि में भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन गायक अभिजीत कोहर ने राणी शक्ति दादी पर आधारित एक से बढ़कर भजनों की प्रस्तुति दी। अंत में भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, लक्ष्मण खेड़िया सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

### लगाई मेहंदी, सवामनी प्रसाद व भजनों की प्रस्तुति

पारिजात कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल बिलासपुर द्वारा श्री संत गजानन महाराज का प्रकट उत्सव श्रद्धा व उत्साह से मनाया जा रहा है। इस पांच दिवसीय उत्सव के तीसरे दिन शनिवार को रेणुका भजन मंडली द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। शाम को गजानन महाराज की पालकी यात्रा निकाली गई।

# गजानन महाराज की निकली पालकी यात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पालकी यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पारिजात कॉलोनी के जी. जे. एवं आई ब्लॉक, तेजस्विनी छात्रावास के सामने से होती हुई पारिजात एक्सटेंशन स्थित शिव मंदिर तक पहुंची। वहां पूजन-अर्चन उपरांत साई माऊली का दर्शन करते हुए पालकी पुनः मंदिर परिसर लौटी। पूरे मार्ग में ढोल-ताशों की गूंज, जयकारे और पुष्प वर्षा होती रही। समापन पर मंडल परिसर में गंगा आरती की तर्ज पर महाआरती की गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर श्री गजानन महाराज के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। यह जानकारी महाराष्ट्र मंडल के सचिव समीर भुरंगी ने दी।

### रेणुका भजन मंडली ने दी भजनों की प्रस्तुति



### मराठी नाटक का मंचन

प्रगट उत्सव में भगिनी मंडल रामदास नगर बिलासपुर द्वारा मराठी नाटक असा माझा योगीराज का मंचन किया गया। यह नाटक शेगांव के संत श्री गजानन महाराज के जीवन चरित्र पर आधारित रहा। नाटक की लेखिका अर्चना साने नागपुर थीं। गजानन महाराज की भूमिका में सूर्यांश काले रहा। महाराज की आवाज की डबिंग अविनाश गोरे द्वारा की गई। अन्य भूमिकाओं में बंकटलाल, प्राची महादेवकर, सुमित ढोमणे काकजी, स्वाती जोगलेकर, नीरज जोशी चंदू, कल्पना कायरकर, नारायण जोशी दामोदर पंत, स्नेहल नानोटी, सुनील चोपड़े गंगाभारती, ऋचा लुखे, विनोद जोशी भास्कर, शिल्पा काले, अनिल कायरकर, शुभांगी काले भक्त, संपदा हलवे, समता जोशी मंडली भगिनी, माधवी पागे बाला भाऊ, समृद्धि नानोटी, हरी पाटिल, पदमा शिवणकर, महेश जोशी, पाटिल पुत्र की भूमिका में अमेय कायरकर, पार्थ खेडकर, प्राण मोरे, प्रसून काले, पीयूष जोशी रहे। संगीत निर्देशन शुभांगी शेखर मोने व नाट्य संकल्पना एवं निर्देशन शुभांगी मोने का रहा।

### आज होगा अभिषेक, हवन

गजानन महाराज का प्रकट दिन होने के कारण रविवार 8 फरवरी को सुबह साढ़े 6 बजे महाराज का अभिषेक, 9 बजे हवन, 12 बजे महाआरती होगी। साढ़े 12 बजे से महाप्रसाद होगा। शाम को 6 बजे श्री गुरुकृपा भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। सोमवार 9 फरवरी को शाम 5 बजे से सामूहिक सुंदर कांड का पाठ कर शाम 7 बजे आरती उपरांत गोपालकला वितरित कर उत्सव का समापन किया जाएगा।

## ग्रीन केमिस्ट्री व पर्यावरण पर व्याख्यान



**बिलासपुर।** शासकीय ईआरआर स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा "ग्रीन केमिस्ट्री द्वारा सतत भविष्य" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस कार्यशाला का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर ग्रीन केमिस्ट्री के 12 सिद्धांत, बायोप्लास्टिक एवं पर्यावरण संरक्षण पर प्रो शैलेन्द्र यादव, डॉ धीरज सिंह चौहान एवं डॉ भावना जैन द्वारा व्याख्यान दिए गए। द्वितीय दिवस प्रो सुभाष बनर्जी द्वारा ग्रीन सॉल्वेंट एवं जल के उपयोग पर, डॉ जय सिंह द्वारा इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप पर तथा डॉ श्याम बंजारे द्वारा ऑर्गेनिक मटेरियल एवं रेडिकल विषय पर जानकारी दी गई। कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रही तथा पर्यावरण अनुकूल विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई।

## सामान्य ज्ञान में सुभाषणी, चिरंजीव, खिलेश्वरी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बिलासा सेवा समिति, केवट (निषाद) समाज छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 25 दिसंबर को आयोजित राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण 7 फरवरी को रोटरी क्लब सीएमडी चौक में किया गया।

यह प्रतियोगिता प्रदेश बिलासपुर, रायपुर एवं राजनांदगांव में एक साथ आयोजित की गई थी। जिसमें 450 से अधिक परीक्षार्थियों ने सहभागिता की। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की शुरुआत रायपुर के सुश्री संगीता निषाद ने अरपा पैरी की धार राजकीय गीत गाकर समाज को भावविभोर की। सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के द्वारा बारहमासी गीत नयनाभिराम प्रस्तुत किया गया । प्रतियोगिता में 51 हजार रुपए की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई। परीक्षा परिणाम का पुरस्कार वितरण समारोह 7 फरवरी को आयोजित किया गया। विजेताओं में सुश्री शुभाषणी निषाद धमतरी - पुरस्कार राशि 21 हजार रुपए प्रथम पुरस्कार, चिरंजीव निषाद जशपुर पुरस्कार राशि 15 रुपए द्वितीय पुरस्कार, सुश्री खिलेश्वरी निषाद राजनांदगांव को पुरस्कार राशि 5 रुपए तृतीय पुरस्कार दिया गया। अन्य विजेताओं में गौतम कुमार कैवर्त बिलासपुर चौथा, साहिल कुमार निषाद बालोद पांचवां, नंदिनी कैवर्त कोरबा छठवां, सूर्या धीवर बालोद सातवां, किरण केवट चांपा आठवां, शैलेश कुमार बिलासपुर नौवें, सूरज कुमार तारक गरियाबंद दसवां रहा।

कविता निषाद बेमेतरा,देवकुमार निषाद खैरागढ़ छुईखदान गंडई, कृष्णा कुमार बलौदा बाजार भाटापारा, अजय कुमार धीवर रायपुर, सुलोचना केवट कोरबा, नेहा सरोवर, प्रियांसू जलतारे, धनु वंदना केवट कोरबा, ऋशभ कुमार, अमित कुमार कैवर्त, बृजभावन आदित्य, संगीता कैवर्त, अमन कुमार आदित्य को नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

इसे सफल बनाने में बी एस निषाद, डा प्रशांत निषाद,राजकुमार निषाद,धनेश कैवर्त, हरप्रसाद कैवर्त, प्रेमलता निषाद, ज्योति निषाद, अरुणा कैवर्त, बिन्दु निषाद, लक्ष्मी केवट, सुखऊ राम निषाद, गणेश निषाद, किशन केवट, परसराम, राज कैवर्त, रामसागर, चंदन, गजेन्द्र कैवर्त, काशी कैवर्त, कमलेश, राम भजन सत्यप्रकाश, शिव कुमार, मोहन, साखन निषाद, निलेश, संतोष , कृष्ण कुमार कैवर्त, निखादराम, गिरीश, प्रकाश कैवर्त, दादू राम, शत्रुघ्न,फागूराम आदि का सहयोग रहा।

स्पोर्टर्स न्यूज

# कोल इंडिया हॉकी में एसईसीएल बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



स्व श्री बीआर यादव अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैदान बहतराई में आयोजित कोल इंडिया लिमिटेड अंतर-कंपनी हॉकी प्रतियोगिता 2025–26 का समापन शनिवार को उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन एसईसीएल के तत्वावधान में किया गया। फाइनल मुकाबले में एसईसीएल और सीसीएल की टीमें आमने-सामने रहीं। रोमांचक मुकाबले में एसईसीएल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीसीएल को 6–1 से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। मैच के दौरान दोनों टीमों ने बेहतरीन तालमेल, तेज आक्रमण और सशक्त रक्षा का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहा।

समापन समारोह में निदेशक , एसईसीएल बिरंची दास मुख्य अतिथि तथा निदेशक , एसईसीएल डी सुनील कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर मनीष श्रीवास्तव, सचिव हॉकी छत्तीसगढ़, रोहताश्व बाजपेयी , कोल इंडिया वेल्फेयर बोर्ड के सदस्य, एसईसीएल संचालन समिति के सदस्य, एसईसीएल कल्याण मंडल, मुख्यालय एवं क्षेत्रीय जेसीसी सदस्य, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य, विभिन्न काउंसिल एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रातः खेले गए तीसरे स्थान के मुकाबले में एनसीएल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एमसीएल को पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सफल आयोजन ने कोल इंडिया परिवार की एकजुटता, समन्वय एवं खेल संस्कृति को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। एसईसीएल परिवार की ओर से सभी प्रतिभागी टीमों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

## साफ्टबॉल की चैम्पियन बनी मेजबान छत्तीसगढ़



### प्रतियोगिता का समापन आज

जिला क्रीड़ा अधिकारी कमलेश यादव ने बताया कि 4 फरवरी से शुरु हुए राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन रविवार को किया जाएगा। पुरस्कार वितरण और समापन का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता, उपविजेता और अन्य टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीतकर प्रदेश को चैम्पियन बनाने का गौरव हासिल किया है। स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया के आदेश पर सभी राज्यों में नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन शुरु कर दिया गया है।

इसके तहत एसजीएफआई ने छत्तीसगढ़ प्रदेंश को भी अलग-अलग नेशनल गेम्स कराने की जिम्मेदारी दी है। इस आदेश के बाद लोक शिक्षण संचालनालय और जिला प्रशासन, जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 4 से 8 फरवरी तक 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत साफ्टबॉल अंडर 17 बालक-बालिका का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मेजबाल छत्तीसगढ़ बिलासपुर के अलावा राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, विद्याभारती, मणिपुर, चंडीगढ़, महाराष्ट्र, जम्मू काश्मीर, तमिलनाडू, दिल्ली, हरियाणा, तेलांगना, पश्चिम बंगाल, सीबीएसई, बिहार टीम के 576 से अधिक बालक-बालिका खिलाड़ी और 200 कोच, आफिशियल्स हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोंगिता के तीसरे दिन गुरुवार को मेजबान छत्तीसगढ़ की बालक-बालिका वर्ग की दोनों टीमों ने मैदान पर अपना दबदबा बनाकर रखा।

## खबर संक्षेप

### आज मनाई जाएगी स्व. केशरवानी की पुण्यतिथि



मुंगेली। छत्तीसगढ़ के जनप्रिय नेता पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक स्व निरंजन प्रसाद केशरवानी की पुण्यतिथि 8 फरवरी रविवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर स्व केशरवानी स्मृति समिति द्वारा नगर स्थित निरंजन प्रसाद केशरवानी बाल वाटिका में शाम 4 बजे से श्रद्धा सुमन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक प्रेम आर्य और सहसंयोजक दीनानाथ केशरवानी ने बताया कि, क्षेत्र के विकास में अतुलनीय योगदान देने वाले लौह पुरुष स्व केशरवानी की स्मृतियों को नमन करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। स्मृति समिति ने नगर के सभी गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का सादर आग्रह किया है।

## निधन

### गोमती यादव



बिलासपुर। ग्राम बसिया निवासी गोमती यादव का 7 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे रामधुन यादव की पत्नी व लक्ष्मण, प्रमोद, मनोज व मंजू यादव की मां थीं।

### अचल कश्यप सोल्डी



बिलासपुर। कश्यप कालोनी तेलीपारा निवासी अचल कश्यप सोल्डी का 7 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 फरवरी को सुबह 9 बजे मधुबन मुक्तिधाम दयालबंद में किया जाएगा। वे सुरेन्द्र कश्यप के पुत्र एवं अमिति कश्यप के भाई थे।

### शोभा देवी मंगतानी



बिलासपुर। वार्ड क्रमांक 12 चकरभाठा निवासी शोभा देवी मंगतानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास से स्थानीय मुक्तिधाम के लिए 8 फरवरी को दोपहर 1 बजे निकलेगी। वे चंदर लाल मंगतानी की धर्म पत्नी, गौरव, रोहित मंगतानी की माता थीं।

### अशोक कुमार पाण्डेय



बिलासपुर। हिर्री निवासी अशोक कुमार पाण्डेय का निधन 7 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को हिर्री में किया गया। वे पूजा, प्रियंका, अविनाश के पिता एवं अधिवक्ता सुशील कुमार हजारी के ससुर थे।

### बहोरिक लाल देवांगन



तखतपुर। देवांगनपारा निवासी बहोरिक लाल देवांगन का 83 वर्ष की उम्र में 6 फरवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शिवनाथ देवांगन के पिता थे।

### प्रेमा बाई ताम्रकार



मुंगेली। बड़ा बाजार सुभाष वार्ड निवासी प्रेमा बाई ताम्रकार पति स्व ऊधो प्रसाद ताम्रकार का उम्र 90 वर्ष की आयु में 4 फरवरी बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 फरवरी गुरूवार को बुधवारी बाजार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे शंकरलाल ताम्रकार की माता थीं।

## स्वास्थ्य मंत्री ने की आयुष चिकित्सकों के कार्यों की सराहना

# थैरेपी सेंटर मुंगेली को मिला उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सम्मान



मुंगेली। कायाकल्प आयुष अवार्ड स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर मुंगेली को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सम्मान मिला। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी आयुष चिकित्सकों के कार्यों की सराहना की और आयुष को और बढ़ावा देने की बात कही। स्वास्थ्य सचिव ने आयुष की सेवा को सभी जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।

संचालनालय आयुष विभाग रायपुर की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और बेहतर प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कायाकल्प आयुष अवार्ड समारोह रायपुर में 4 फरवरी को आयोजित किया गया। मुंगेली एवं बिलासपुर जिले के आयुष संस्थानों ने अपनी सफलता का परचम लहराया। मुंगेली जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ एमके राय, डॉ यशपाल सिंह ध्रुव एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ यामिनी शर्मा के कुशल नेतृत्व में स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर ने निर्धारित मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रभारी चिकित्सक विशेषज्ञ चिकित्सक, थेरेपी सेंटर मुंगेली डॉ प्रगति कौशिक एवं उनकी टीम को सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस पुरस्कार समारोह का मुख्य उद्देश्य आयुष अस्पतालों और औषधालयों में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, संचालक आयुष संतन देवी जांगड़े, संयुक्त संचालक डॉ सुनील दास, सहायक उप संचालक डॉ किरण तिग्गा, उपसंचालक डॉ ज्योति गजबिये, उप संचालक डॉ अरविंद मरावी, डॉ सुरेंद्र चंद्राकर आदि उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी आयुष चिकित्सकों के कार्यों की सराहना की और आयुष को और बढ़ावा देने की बात कही। स्वास्थ्य सचिव ने आयुष की सेवा को सभी जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। बिलासपुर संभाग के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में आयुष केंद्रों को उनकी स्वच्छता और उत्कृष्ट संचालन के लिए पुरस्कृत किया गया। पुरस्कारों की सूची में थेरेपी सेंटर मुंगेली को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। आयुष औषधालय में आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष धूमा बिलासपुर को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कायाकल्प अवार्ड के तहत चयनित संस्थानों को न केवल प्रशस्ति पत्र दिया गया, बल्कि उन्हें प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। इस राशि का उपयोग अस्पतालों में बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत करने और मरीजों के लिए सुविधाओं को विस्तार देने में किया जाएगा। थेरेपी सेंटर मुंगेली के उमेश कौशल, देवेंद्र साहू, श्रीमती वीना बंजारे ने इस प्रतियोगिता में अपना विशेष सहयोग देकर द्वितीय स्थान प्राप्त करने में योगदान दिया।

# विद्युत विभाग का छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम



लोरमी। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आत्मानंद स्कूल में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के संभागीय एवं उपसंभागीय कार्यालय की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि, बिजली सौर ऊर्जा की आधुनिक जीवनशैली की रीढ़ है। साथ ही अधिकारियों ने ग्रामीणों को स्मार्ट मीटर और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा विनय साहू ने की। साथ ही धनीराम यादव, संतोष साहू, प्रभारी प्राचार्य व विद्युत विभाग के अधिकारी नन्दराम भगत, लव सिंह माथुर, चित्रांगना राही सहित अन्य मौजूद रहे।

# जेएमपी कॉलेज में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं



तखतपुर। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, गिफ्ट पैकिंग, नारियल सजाओ, बेस्ट फ्रॉम वेस्ट, फर्स्ट एड कीट, व्यंजन, मटका सजाओ, मेहंदी, आरती की थाली, पूजा की थाली, वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, भाषण, निबंध, सामान्य ज्ञान, एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन, समूह गायन एवं नाटक आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संचालित हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ मीना शर्मा के निर्देशन में सभी प्राध्यापक, ग्रंथपाल, अतिथि प्राध्यापक एवं जनभागीदारी मार्गदर्शक के सहयोग से कार्यक्रमों को संपन्न कराया गया।

# पेड़ काटकर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, कार्रवाई की मांग



तखतपुर। शासकीय भूमि पर लगे पेड़ को काटकर उस पर अतक्रिमण कर मकान बनाने वाले के खिलाफ ग्रामीणों ने शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। एक तरफ जहां शासन पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से शासकीय सहित निजी जमीनों पर भी पौधे लगाने का वृहद स्तर पर अभियान चला रही है, जिनसे जुड़कर बड़ी संख्या में लोग पेड़ों के संरक्षण में जुटे हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो शासकीय जमीन पर लगे बड़े-बड़े वृक्षों को काटकर भूमि पर अतक्रिमण कर मकान बना रहे हैं। ऐसी ही एक घटना ग्राम पंचायत तार्किडीह की है जहां, लगानी जमीन के सामने शासकीय को पाटकर राजकुमार यादव पिता भगेला यादव अवैध रूप से मकान निर्माण करा रहा है। हैरानी की बात यह है कि, मामले को शासन के द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा। इसके पहले भी हरे-भरे बरगद के पेड़ की निर्दयतापूर्वक कटाई कर 5 मकानों का निर्माण किया जा चुका है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है एवं ग्रामीणों ने मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

# डीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

## कई शिक्षकों को फटकार, नोटिस जारी करने के निर्देश



पेंड्रा। जिले में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने गौरेला विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोडरी, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बढ़ावनडांड तथा हाई स्कूल सधवानी सहित कई विद्यालयों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोडरी में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही गणित, अंग्रेजी एवं विज्ञान विषयों में प्री-बोर्ड एवं अर्धवार्षिक परीक्षा के कमजोर परिणामों को लेकर संबंधित विषय शिक्षकों से जवाब तलब किया गया। लापरवाही पर दो शिक्षकों को जमकर फटकार लगाते हुए उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बढ़ावनडांड का निरीक्षण किया गया, जहां छात्रों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित शिक्षकों को चेतावनी देते हुए छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा आवश्यकता पड़ने पर नोटिस जारी करने की बात कही।

अंत में हाई स्कूल सधवानी के निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने छात्रों से नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। वहीं शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देते हुए इस शैक्षणिक सत्र में बेहतर परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों का भविष्य सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

## बदमाशों ने युवती के गले से छीना मंगलसूत्र, जुर्म दर्ज

तखतपुर। मेला घूमने गई युवती के गले से मंगलसूत्र छीनकर अज्ञात दुपहिया चालक फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गणेश नगर निवासी सुरेश ध्रुव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 6 फरवरी को वह अपनी दुपहिया वाहन से पत्नि के साथ बेलपान मेला घूमने गया था। मेले से वापस आते समय पोंगरिहा के पास दुपहिया वाहन में सवार दो अज्ञात वहां पहुंचे और उसकी पत्नि के गले से सोने का मंगलसूत्र कीमती 35 हजार रूपए लूटकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 3,5 304 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# डिजिटल कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाने प्रशिक्षण कार्यक्रम



मुंगेली। शासन की डिजिटल कार्यप्रणाली को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग, ई-उपस्थिति प्रणाली एवं ई-ऑफिस के क्रियान्वयन संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करना तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यालयीन कार्य संस्कृति को और अधिक प्रभावी बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि, इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग कर्मयोगी, भारत सरकार का एक ऑनलाइन प्रशिक्षण पोर्टल है, जिसके माध्यम से शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण को बढ़ावा दिया जाता है। संचनालय एवं आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा के निर्देशानुसार संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग के माध्यम से कम से कम तीन कोर्स पूर्ण करना अनिवार्य किया गया है। इसी प्रकार ई-उपस्थिति प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गई, जिससे उच्च कार्यालय एवं विभाग प्रमुख द्वारा नियमित मॉनिटरिंग संभव हो सकेगी। वहीं फाइल प्रबंधन, पत्रचार एवं अन्य कार्यालयीन कार्यों को डिजिटल माध्यम से निष्पादित करने की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि, शासन की डिजिटल पहल से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं गति आएगी। सभी अधिकारियों–कर्मचारियों को इन प्रणालियों का नियमित उपयोग करते हुए डिजिटल कार्य संस्कृति को अपनाना चाहिए। वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रभाकर पांडेय ने कहा कि, इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग, ई-उपस्थिति प्रणाली एवं ई-ऑफिस जैसी प्रणालियां प्रशासनिक कार्यों को सरल, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने में सहायक हैं। उन्होंने अधिकारियों–कर्मचारियों से प्रशिक्षण का लाभ लेकर दैनिक कार्यों में इन प्रणालियों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## युवक के साथ गाली-गलौज मारपीट, मामला दर्ज

तखतपुर। गाली-गलौज करने से मना करने पर युवक के साथ हुए मारपीट कर दी गई। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर निवासी दुर्गेश कुमार खांडे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 7 फरवरी को सुबह 8 बजे वह दोस्त के साथ गली तरफ जा रहा था। इसी दौरान राज बघेल नामक युवक उसे देखकर गाली-गलौज करने लगा। जब दुर्गेश ने उसे ऐसा करने से मना किया तो, राज ने उसके साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115,2 296, 351, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

# नई शिक्षा नीति शिक्षा से रोजगार तक का सशक्त मार्ग



सीपत। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में शनिवार को पीएम उषा योजना के अंतर्गत आयोजित कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देने का कार्य किया। एनईपी 2020 पाठ्यक्रम से रोजगार की संभावनाएं विषय पर आयोजित इस प्रेरक व्याख्यान में शिक्षा और रोजगार के बीच मजबूत संबंधों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्त्तव्य अधिकारी डॉ डीके श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आरएस खेर तथा विशिष्ट अतिथि पीएम उषा प्रभारी डॉ आरएन पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों विद्यार्थियों की उत्साही भागीदारी ने इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बना दिया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आरएस खेर ने कहा कि, नई शिक्षा नीति 2020 केवल किताबों का ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में विचार शक्ति, नवाचार क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। मुख्य वक्ता डॉ डीके श्रीवास्तव ने कहा कि, नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा को सीधे रोजगार और कौशल से जोड़ती है। अब केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं, बल्कि व्यावहारिक दक्षता, तकनीकी कौशल और नवाचार सोच ही युवाओं को आगे बढ़ाएगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ के वेणु आचारी ने किया।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2025-26
ग्राम- लोरमी, प.ह.नं. 28,
तह. लोरमी, जिला मुंगेली

पक्षकार- श्री चन्द्रकुमार बनाम छ.ग. शासन।

आवेदक श्री चन्द्रकुमार पिता महेतरा राम राजपूत, जाति राजपूत, निवासी ग्राम बिचारपुर, तहसील लालपुर थाना, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वतः के नाम पर ग्राम लोरमी, प.ह.नं. 28, रा.नि.मं. लोरमी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 418/18 रकबा 0.006 हेक्टे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, किसान किताब की प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.02.2026 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 06.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

---

**आम सूचना**

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा अशोक कुमार पाठक पिता स्व. विक्रमादित्य पाठक उम्र 59 वर्ष निवासी क्लैट न. 204 वार्ड नं. 21 महिमा विहार रिंग रोड में 02 महाराणा प्रताप बिलासपुर तह व जिला बिलासपुर (छ.ग.) इसके नाम पर अधिपत्य डायर्वशन शुदा क्लैट नं. 204 जो कि मौजा ग्राम महिमा विहार प.ह.न 40/27 बिलासपुर शीट नं. 28 ब्लॉक 20 प्लाट नं. 130 खसरा नं. 608/40 में से कुल रकबा 0.60 एकड़ है जिस पर आवास परिसर, 14483 वर्गफुट को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 10 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति अमान्य होगी।

भवदीय
विरेन्द्र गुप्ता/ मोहन लाल गुप्ता
निवासी ढाकुर, किराना स्टोर के सामने रिंग रोड-2 शांतिनगर अमेरी रोड बिलासपुर मो. 9827441751

---

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अशोक कुमार पिता कन्हैया लाल (स्कूल प्रमाण पत्र नाम) उम्र 35 वर्ष, पता हाउस नं. 36 बाड़ा मोहल्ला, खेकतरा, बोड़तरा, मुंगेली (छ.ग.) 495115

मेरा नया नाम अशोक कुर्रे पिता कन्हैया कुर्रे है जो मेरे आधार व पैन कार्ड में पंजीकृत नाम है और भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

मैं पूरी ईमानदारी से पुष्टि और घोषणा करता हूं।

**शपथकर्ता**
**अशोक कुर्रे**

---

**पटवारी कार्यालय**

प.ह.न.-49 ग्राम-परसदा. रा.नि.मं-सिरगिट्टी
तहसील/जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**-: सूचना :-**

आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ (चौहद्दी धारी) भूमि स्वामी दिनांक 03/02/2026

1.शिवा कौशिक 2. विनोद गुप्ता 3.घनश्याम कौशिक वगै. 4. केशव की भूमि एवं सर्व संबंधित

विषय - ग्राम परसदा प.ह.न.49 स्थित ख.नं 17/18 रकबा 0.4050 हे.का सीमांकन/बटाकन हेतु।

उपरोक्त विषयांकित के संबंध में सूचित किया जाता है कि आवेदक दुखीराम पिता स्व.भगतराम निवासी तिफरा द्वारा अपने भूमि हक की भूमि ख नं 17/8 रकबा 0.4050 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन किया गया है। आदेशानुसार उक्त भूमि का सीमांकन/बंटाकन दिनांक 10/02/2026 को किया जाना है।

अत: आप स्थल पर उक्त तिथि को ठीक 11 से 05 बजे समस्त अभिलेख सहित उपस्थित रहे। अनुपस्थित रहने पर सीमांकन/बंटाकन की कार्यवाही कर दी जायेगी बाद में की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

टीप: अपरिहार्य कारणों से दिनांक एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है, नवीन दिनांक एवं समय की सूचना आपको पृथक से दी जाएगी।

**पटवारी**
**जय प्रकाश आड़िल**
**प.ह.नं. 49**

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग)**

**-:: संसोधित ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र.202512074700058/अ-6/2025-26
पक्षकार :- हरिनंदन उर्फ दिलीप कुमार वर्मा पिता स्व. बसंत बाबू वगैरह.....अनावेदक

**बनाम**

छ.ग. शासन........अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण हरिनंदन उर्फ दिलीप कुमार वर्मा पिता स्व.बसंत बाबू वगैरह निवासी शहीद गोपीचंद कालोनी मार्ग कुम्हारपारा रोड जरहाभाठा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मगरपारा शीट नं. 24 प्लाट नं. 11/1,11/2 रकबा 3899 एवं 448व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे आवेदकगण के पिता स्व. बसंत बाबू वर्मा के नाम पर दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 25.01.2023 को हो चुकी है। आवेदकगण के व्दारा उक्त भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग.भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 18/02/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 02/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर( छ.ग.)**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./20...
बिलासपुर, दिनांक 05/02/26

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तोरवा प.ह.न. 37 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका स्मिता तिवारी पिता/पति जितेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम अम्बिकापुर तहसील सरगुजा जिला सरगुजा के द्वारा प.ह.नं. 37 मौजा तोरवा स्थित भूमि ख.नं. 474/6 रकबा 0.0200 हे. (2220 वर्ग) एकड़/हे. भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत वसीयत नामांतरण/ फौती नामांतरण/क्रय विक्रय/दानपत्र के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 23/02/26 पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मरवाही, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/918/अ.वि.अ./वाचक/2026
मरवाही, दिनांक 4/2/2026

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवम गुप्ता पिता सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, उम्र-21 वर्ष, जाति बानी, निवासी ग्राम मरवाही, तहसील मरवाही, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) द्वारा ग्राम-मरवाही, प.ह.नं. 04, रा.नि.मं. मरवाही व तहसील मरवाही स्थित अपने स्वामित्व हक की भूमि ख.नं. 12/2 रकबा 0.0300 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में धारा 172 छ.ग.भू.रा. संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई हित रखते हों तथा आवेदक को उपरोक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन की अनुमति दिये जाने पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 12/02/2026 को या उससे पूर्व स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 04/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मरवाही

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मरवाही, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/920/अ.वि.अ./वाचक/2026
मरवाही, दिनांक 4/2/2026

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र कुमार गुप्ता पिता कौशल प्रसाद गुप्ता, उम्र-59 वर्ष, जाति बानी, निवासी ग्राम मरवाही, तहसील मरवाही, जिला गौरेला-पेण्डा-मरवाही (छ.ग.) द्वारा ग्राम-मरवाही, प.ह.नं. 04, रा.नि.मं. मरवाही व तहसील मरवाही स्थित अपने स्वामित्व हक की भूमि ख.नं. 467/15 रकबा 0.0080 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में धारा 172 छ.ग. भू.रा. संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई हित रखते हों तथा आवेदक को उपरोक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन की अनुमति दिये जाने पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 12/02/2026 को या उससे पूर्व स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 04/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मरवाही

---

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### सरईपतेरा में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत कार्यशाला



**लोरमी।** स्वास्थ्य विभाग लोरमी की ओर से राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन के तहत फाइलेरिया से बचाव एवं दवा के सेवन को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन ग्राम सरईपतेरा में किया गया। कार्यशाला में संकुल केंद्र डोंगरिया सहित कई संकुल के शिक्षक शामिल हुए। ग्रामीण चिकित्सा सहायक रत्नेश राज ने फाइलेरिया के रोकथाम बचाव एवं दवा के सेवन के बारे में बताया। इस अवसर पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बसंत महोबे, पर्यवेक्षक डोम सिंह यादव, समन्वयक राजेश कुंभकार, बुद्धेश्वर ध्रुव, प्रधान पाठक सतनारायण तिवारी, कृष्णकुमार सोनी, देव सिंह राजपूत, आरएस कंवर, गणेशी राम साहू सहित बडी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### दुर्गावती कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की नेट की परीक्षा





**भर्रीडांड़।** वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मरवाही के हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। हिंदी विभाग की आदिवासी छात्रा सरस्वती पाव ने बिना किसी कोचिंग या बाहरी सहायता के स्वअध्ययन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से यूजीसी नेट उत्तीर्ण कर प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की। वहीं विभाग के ही मेधावी छात्र राहुल चंद्रा ने भी पीएचडी हेतु यूजीसी नेट क्वालीफाई कर शैक्षणिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की। इस अवसर पर प्रो राणा कहा कि, लगन, परिश्रम और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो लोक सिंह सर ने कहा कि, यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है तथा महाविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है।

### कुकदा में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम



**खमरिया।** ग्राम पंचायत कुकदा मे नशामुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे सीपत थाना प्रभारी राजेश मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने नशा नहीं करने के सबंध जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान गांव के मितानिनें व स्वसहयता समूह की महिलाओं ने नशा करने बाद घरवालों को प्रताड़ति करने की घटनाओं की जानकारी थानेदार के सामने रखीं। इस पर थानेदार ने कहा, सीपत पुलिस आपके एक शिकायत पर पहुंच जाएगी, और नशे का अवैध धंधा करने वालों के ऊपर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, इसके लिये गांव के लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। थानेदार मिश्रा ने गांव के सरपंच, उपसरपंच, पंच, मितानिन व महिलाओं से एकजुट होकर नशामुक्ति अभियान को आगे बढ़ाने एवं नशा करने वाले से नशा छोड़ने की अपील की। इस दौरान जनपद सदस्य प्रतिनिधि, अजय पांडेय सरपंच, जितेंद्र नेताम उपसरपंच, दीपक पाटनवार पंच, विनोद यादव, रामलाल पाटनवार, सतीश पांडेय, रामस्वरूप लहर्षण सहित बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं।

### महाशिवरात्रि मेला स्थल का निरीक्षण, दिशा निर्देश जारी



**लोरमी।** आगामी 15 फरवरी को नगर के मनियारी नदी तट स्थित शिवघाट पर प्रसिद्ध 8 दिवसीय महाशिवरात्रि मेले का आयोजन होना है। आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों एवं अध्यक्ष ने मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साफ-सफाई एवं व्यवस्था सहित पेयजल, विद्युत से लेकर अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। मेले के व्यवस्थित संचालन के लिए नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने मेला समिति का गठन किया है, जिसमें राजेन्द्र सलुजा संयोजक, डॉ अशोक जायसवाल सह संयोजक, विश्वास दुबे सिक्कू सह संयोजक, सदस्य सोहन डड़सेना, आरती अश्विनी ढीमर, शशांक वैष्णव, धनंजय दुबे को शामिल किया है।

## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में नयापारा ने मारी बाजी

# अनुशासित खेल भावना से ही मिलती है जीत: धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दगोरी



जेसीसी इलेवन एवं युवा शक्ति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नयापारा व सरवानी के मध्य खेला गया, जिसमें नयापारा ने जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक मौजूद रहे। इस मौके पर श्री कौशिक ने कहा कि, खेल में हार जीत लगी रहती है, मेहनत करने से सफलता जरूर मिलती है। अनुशासित खेल भावना से ही सफलता मिलती है। उन्होंने सफल आयोजन हेतु आयोजकों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिपं सभापति गोविंद यादव, जपं अध्यक्ष रामकुमार कौशिक, जपं सभापति राजकुमार साहू, घनश्याम कौशिक ने भी समारोह को संबोधित किया। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति प्रमुख रामभरोस निषाद, मानसिंह यादव, मछंदर निषाद, सतीश यादव, दुर्गेश सेन, भानु निषाद, रामचरण यादव, गंगा राम निषाद तथा आयोजन समिति उपाध्यक्ष अमित कौशिक ने पुष्पहार व श्रीफल भेंटकर किया। प्रतियोगिता की विजेता नयापारा की टीम को प्रथम पुरस्कार 35 हजार नकद व कप प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन आभार पूर्व सरपंच प्रतिनिधि घनश्याम कौशिक ने किया। इस अवसर पर सरपंच बेसाखु राम निषाद, इंद्रजीत क्षत्रीय, जनपद सदस्य ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य अमर टंडन, समाजसेवी दशरथ सन्नाट, गंगा निर्मलकर, श्यामसुंदर सन्नाट,नरेंद्र सन्नाट, खोरबाहरा कौशिक, लखन निषाद देवान, इंद्रजीत कौशिक, बिरेंद्र कौशिक, नवल सूर्यवंशी, दालू, दुर्गेश, राकेश, दर्श, भागीरथी, कमलेश आदि मौजूद रहे।

## पथरिया नगर को 2 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**पथरिया।** नगर पंचायत क्षेत्र में मूलभूत सेवाओं के विस्तार और अधोसंरचना विकास के लिए राज्य शासन की ओर से लगभग 2 करोड़ की राशि प्रदान की गई है। इसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने 1 करोड़ पचास लाख रुपए मूलभूत सेवाओं के विकास एवं 38 लाख वार्ड क्रमांक 9 के मुक्तिधाम में बाउंड्रीवाल के लिए स्वीकृत किया है।



उक्त जानकारी देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने बताया कि, मेरी परिषद की मांग और क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर उक्त राशि प्रदान की गई है। इसके उपयोग से हम नगरवासियों को बेहतर नगरीय सुविधा दे पाएंगे। साथ ही कुछ महत्वपूर्ण विकास कार्यों को भी राशि मिल सकेगी। इस सौगात के लिए मैं नगरवासियों की ओर से उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करती हूं। विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव ने कहा कि, क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक ने नगरवासियों को विकास का जो वायदा किया गया था, सभी पूरे होंगे।

### विधायक धरमलाल ने दिए 10 लाख

नगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित महामाया मंदिर में एक नवीन भवन हेतु विधायक धरमलाल कौशिक ने विधायक निधि से 10 लाख की राशि प्रदान की है। उक्त राशि से महामाया मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस सम्बंध में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि, पथरिया नगर के सभी 15 वार्डो में विकास कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। नगरवासियो को मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाने व विकसित नगर बनाने भाजपा सरकार नियमित रूप से राशि प्रदान करेगी, और नगर विकास के लिए धन की कमी नहीं होगी।

## छात्राओं ने ली पीएम के 'परीक्षा पे चर्चा' से प्रेरणा



**तखतपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विद्यार्थियों के लिए गुरुवार को आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का शासकीय कन्या स्कूल में सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। सभी ने प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र राजपूत ने कहा कि, परीक्षा पे चर्चा विद्यार्थियों के लिए केवल परीक्षा से जुड़ा संवाद नहीं, बल्कि जीवन में तनावमुक्त रहकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का मार्गदर्शन है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि, वे परीक्षा को बोझ न मानकर उसे अपने ज्ञान और परिश्रम को प्रदर्शित करने का अवसर समझें। इस अवसर पर व्याख्याता जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि, प्रधानमंत्री के बताए गए सुझाव जैसे समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित अध्ययन और मानसिक संतुलन यदि विद्यार्थी अपने जीवन में अपनाएं तो परीक्षा ही नहीं, जीवन की हर चुनौती को सरलता से पार किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से मोबाइल और अनावश्यक तनाव से दूरी बनाकर लक्ष्य पर एकाग्र रहने का आह्वान किया।

## मोबाइल दुकान में लगी आग लाखों का सामान खाक

**मुंगेली।** नया बस स्टैंड में स्थित मोबाइल दुकान में आग लगने से लाखों रूपए का नुकसान हो गया। सिटी कोतवाली में दी गई सूचना के अनुसार नगर पालिका की दुकान क्रमांक 12 में बिजली मीटर से हुए शॉर्ट सर्किट से आग लगने से की 35 से 40 लाख के नुकसान की बात कही गई।

■ करीब 35 से 40 लाख के नुकसान का आशंका

प्रार्थी संजय कुमार दिवाकर पिता खेमसिंह दिवाकर संजू की नए बस स्टैंड में मोबाईल पांईट के नाम से मोबइल दुकान संचालित है। 14 जनवरी को रात लगभग 11 बजे उक्त मोबइल दुकान में शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई, जिससे दुकान में रखे मोबाइल फोन, एसेसिरीज, फर्नीचर, सीसीटीवी, लेपटॉप, कस्टमर मोबइल, सेकेंड हैंड मोबइल व अन्य सामान जलकर पूरी तरीके से नष्ट हो गए। इस घटना से लगभग 35 से 40 लाख का आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और 1 घंटे 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने के दौरान मौके पर पुलिस बल और बिजली विभाग के कर्मचारी भी पहुंचे थे।



## शिव-पार्वती विवाह महोत्सव में निकली भव्य झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





सरगांव से लगे ग्राम बदरा में जय शनिदेव युवा समिति द्वारा आयोजित आठ दिवसीय शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को शिव-पार्वती विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव में भव्य झांकी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

कथा वाचक पंडित राधेश्याम शास्त्री (पुटपुरा, जांजगीर-चांपा) ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का वाचन करते हुए बताया कि सती के आत्मदाह के बाद हिमालय की पुत्री पार्वती ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न किया। कथा में शिव की विचित्र बारात, देवताओं के प्रयास तथा ब्रह्मा जी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह संपन्न होने का वर्णन किया गया। झांकी में फूलों से सजी शिव-पार्वती प्रतिमाएं, पार्वती की तपस्या स्थली, शिव बारात और विवाह मंडप के दृश्य प्रदर्शित किए गए। झांकी शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंची। इसमें महिलाओं, युवाओं और बच्चों सहित सैकड़ों ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। प्रति दैनिक पूजन वैदिक विद्वानों के द्वारा प्रातः 8 बजे से दैनिक पूजन पार्थिव शिव लिंग रुद्राभिषेक पूजन पंडित चंद्र प्रकाश पाण्डेय सहयोगी राहुल तिवारी देवेंद्र पाण्डेय के द्वारा पूजन संपन्न किया जिसमें जय शनिदेव युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी रुद्र अभिषेक में शामिल मुख्य यजमान मोती राम साहू राधिका साहू ने ग्राम वासियों की शांति और ख़ुशहाली की कामना की है। शिव महापुराण कथा का आयोजन का शुभारंभ फरवरी को कलश शोभा यात्रा के साथ हुआ था। कथा का समापन 9 फरवरी को चढ़ोत्री, हवन, सहस्त्रधारा, ब्राह्मण भोज, महाप्रसाद के साथ होगा।

## समर्थकों ने मनाया पैकरा का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ लालपुर

क्षेत्र के हरनाचाका के सरपंच नारायण राजपूत के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामसेवक पैकरा का जन्मदिवस मनाने अनेक भाजपा कार्यकर्ता बाजे-गाजे के साथ श्री पैकरा के निवास सूरजपुर पहुंचे।

■ अपनी टीम के साथ सूरजपुर पहुंचे राजपूत, हुआ स्वागत

श्री पैकरा के जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए बीजेपी किसान युवा नेता सरपंच हरनाचाका नारायण सिंह राजपूत को खास तौर पर आमंत्रित किया गया था। नारायण राजपूत ने दर्जन समर्थकों के साथ श्री पैकरा के निवास चेंद्रा सूरजपुर पहुंचे, जहां आतिशबाजी के साथ उनकी टीम का स्वागत किया गया। इस दौरान नारायण सिंह राजपूत को मंच पर आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने श्री पैकरा को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान श्री पैकरा ने कहा कि, मुंगेली जिले के एक छोटे सा गांव के सरपंच नारायण सिंह राजपूत का यह प्रेम सदा याद बन कर रहेगा। उन्होंने कहा, भाजपा को मजबूत संगठन बनाने में ऐसे युवकों का महत्वपूर्ण योगदान है। नारायण सिंह राजपूत के टीम में मुख्य रूप से अंकित सुतारिया, पंकज सिंह, गोपी रजक, नीलेश सिंह, करन सिंह, दुर्गेश सिंह, अमित सिंह, मोहन ध्रुव, रोहित अग्रवाल, शिवम सोनी, मोंटी गुप्ता, तरुण सिंह, दिनेश यादव, आकाश सिंह, गोपाल सिंह, पूरन सिंह, राजू यादव आदि मौजूद रहे।





### वैदिक कॉलेज में संघ का युवा संगम कार्यक्रम आज

सीपत। युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को वैदिक महाविद्यालय सीपत में सुबह 10 बजे से 4 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियों की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग महाविद्यालयीन प्रमुख अमित चंदानन उपस्थित रहेंगे।

### स्वास्थ्य विभाग की संविदा भर्ती हेतु आवेदन 23 तक

मुंगेली। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती हेतु आवेदन 23 फरवरी तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय रामगढ़ में पंजीकृत पोस्ट, स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालयीन समय में अपना आवेदन भेज सकते हैं।



## खबर संक्षेप

### शराब दुकान में युवक से मारपीट कर चाकू से हमला




**बिलासपुर।** शराब दुकान में आपसी विवाद होने पर एक युवक के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई है।
तोरवा पुलिस के अनुसार, चकरभाठा मगरउछला निवासी दिलीप रात्रे पिता रामफल रात्रे 5 फरवरी को रात 8 बजे अपने साथी आर्यन नेताम, रतेश प्रजापति के साथ इलेक्ट्रानिक दुकान का सामान लेने शहर आए थे। तीनों शराब पीने के लिए देवरीखुर्द शराब दुकान गए। शराब लेने के बाद आर्यन ने शराब पीने से मना किया तो दिलीप रात्रे ने पव्वा को जमीन में पटककर तोड़ दिया। शराब का कुछ छींटा वहा से गुजर रहे एक आदमी को लग गया। जिससे वह नाराज होकर मारपीट कर दी। उसके बाद कुछ दूर उक्त आदमी अपने साथियों के साथ आया और दिलीप के साथ मारपीट करते हुए चाकू से कमर में हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से शराब दुकान के पास हड़कंप मच गया। पुलिस ने दिलीप रात्रे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस चाकूबाजी करने वाले हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

### रेलवे स्टेशन में दो युवकों से मारपीट

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन में पार्किंग का पैसा मांगने का विरोध करने पर ई रिक्शा वालों ने गुण्डागर्दी करते हुए कार सवार दो युवकों के साथ जमकर मारपीट कर दी। ईधर ई रिक्शा चालन ने कार युवकों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, शंकरनगर नष्टी भवानी मंदिर निवासी यश यादव पिता हेमंत कुमार यादव 6 फरवरी अपने दोस्त प्रियांशु पाण्डेय के साथ अपने दोस्त हिमांशु गुप्ता की शादी में शामिल होने के बाद कार क्रमांक सीजी 10 बीडब्ल्यू 5550 से घर लौट रहे थे। रात 2.30 बजे रेलवे स्टेशन गेट नम्बर 4 के पास पानी लेने के लिए रूके थे। कुछ आटो वाले पार्किंग का पैसा मांग रहे थे। उन्होंने पैसा नहीं दिया, शंकरनगर नष्टी भवानी मंदिर के पास एक इलेक्ट्रानिक आटो रूका और चालक व अन्य लोग गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों युवकों के साथ मारपीट कर ठोस वस्तु से हमला कर दिया। दूसरे पक्ष से चुचुहियापारा गणेश नगर निवासी ई रिक्शा चालक शेख नियाज ने आरोप लगाया रेलवे स्टेशन गेट नम्बर के पास गाड़ी आने पर सवारी खोज रहे थे। उसी दौरान कार सीजी 10 बीडब्ल्यू 5550 के ड्राइवर को किनारे खड़ा करने के लिए कहा तो कार से उतरकर गाली गलौज करते हुए पार्किंग वाला है, वसूली करेगा कहकर अपने साथी के साथ मिलकर मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गांजा, शराब बेचने वाले व पीने वाले 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने गांजा, अवैध शराब बेचने वाले व पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से पुड़िया में गांजा बेचने वाले सकरी निवासी अवधेश वर्मा, डीपरापारा निवासी राकेश गुप्ता को पकड़कर 1 किलो 483 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसी तरह से शांतीनगर निवासी संतोष बसोड़ को पकड़कर उसके पास से 70 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। उसे आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह सार्वजनिक स्थान पुराना बाजार के पास आटो में बैठकर गांजा व शराब पीने वाले आटो चालक मोहन यादव, विकास एवं देवानंद साहू को पकड़ा गया है। तीनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### अनजान मोबाइल नंबर से आया मैसेज
### लिखा था आप पर दो हजार रुपए का चालान किया गया, ट्रैफिक सिग्नल जंप किया

# एक और फर्जी ट्रैफिक ई चालान भेजकर युवक से 4 लाख की आनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक और युवक को फर्जी ई ट्रैफिक चालान भेजकर 4 लाख 11 हजार 777 रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, यदुनंदन नगर तिफरा निवासी मनीष कुमार सोनी ने रिपोर्ट लिखाई। 2 फरवरी 2026 की सुबह उनके मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से मैसेज आया, जिसमें लिखा था आप पर 2 हजार रुपए चालान किया गया है, आपने ट्रैफिक सिग्नल जंप किया है। मैसेज के साथ एपीके फाइल भेजी गई थी। श्री सोनी ने जैसे ही फाइल को क्लिक किया वह एप उनके मोबाइल में इंस्टॉल हो गया। ऐप खोलने पर उसमें कुछ भी स्पष्ट नहीं दिखाई दिया। इसके बाद अगने दिन 3 फरवरी को शाम 4 बजे उनके पंजाब नेशनल बैंक लिंगियाडीह शाखा के खाते से अलग अलग 8 किश्तों में कुल 4 लाख 11 हजार 777 रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। रकम निकलने की जानकारी होते ही श्री सोनी ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।



#### हेल्थ इंश्योरेंस प्लान का झांसा देकर ठगी

तारबाहर पुलिस के अनुसार, विनोबा नगर आर 8 निवासी सुमित जैन पिता प्रमोद कुमार जैन का एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड बना हुआ है। 2 फरवरी को दोपहर 2 बजे उनके मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से फोनकर बताया गया हेल्थ इंश्योरेंस प्लान एक्टिव हुआ है। उन्होंने बताया उन्होंने कोई इंश्योरेंस प्लान नहीं लिया है। फोन करने वाले ने प्लान एक्टिव करने के लिए एक लिंक भेजा। लिंक खोलने पर उनके क्रेडिट कार्ड खाते से 1 लाख 68 हजार 720 रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर हो गया।

#### 6 दिन में फर्जी ई चालान से 3 लोगों के बैंक खाते में डाका

ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पर्ची काटने के बजाए ई चालान भेजा जा रहा है। जालसाजों ने इसे ठगी का जरिया बना लिया है। लोगों के मोबाइल में ई चालान भेजकर लिंक इंस्टाल कराकर बैंक खाते में डाका डाला जा रहा है। 2 फरवरी को फर्जी ई चालान भेजकर धानमंडी निवासी अनिता साहू के बैंक खाते से 6 लाख 83 हजार 807 रुपए, 6 फरवरी को उसलापुर आनंद नगर निवासी एक व्यक्ति से 5 लाख 199 रुपए की आनलाइन की ठगी कर ली गई है।

#### आईटीएमएस से वाट्सएप में नहीं भेजा जाता ई चालान

ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों को आईटीएमएस से एसएमएस के माध्यम से चालान पटाने का मैसेज भेजकर सूचना दी जाती है। मैसेज आने पर यातायात थाना जाकर उसका निराकरण कराया जा सकता है। आईटीएमएस से वाट्सएप के माध्यम से ई चालान पटाने मैसेज नहीं भेजा जाता है। ऐसे मैसेज से दूरी बनाएं।

-रामगोपाल करियारे
ट्रैफिक एएसपी

### नाली के भीतर से एक युवक की बचाओ बचाओ आवाज आने पर पहुंचे लोग

# कश्यप कालोनी के नाले में फंसा युवक, एक घंटे बाद निकाला गया




1.जेसीबी से तोड़ा गया स्लैब।




2.युवक का सिर बाहर दिखा।




3.युवक को बाहर निकाला गया।




4.बाहर निकला युवक।

**बिलासपुर।** कश्यप कालोनी में शनिवार की सुबह हड़कंप मच गया जब एक नाली के भीतर से एक युवक की बचाओ बचाओ के नारे लगने शुरू हो गए। मोहल्लेवासी मौके पर पहुंचे तो दिखा की 35-40 साल का युवक फंसा हुआ है। आनन-फानन में मोहल्लेवासियों ने जेसीबी बुलाकर सावधानी से नाली को कटवाया और युवक को बाहर निकाला। इस दौरान करीब एक घंटे तक युवक नाली में ही फंसा रहा। जेसीबी से तोड़फोड़ के दौरान इस बात का खास ख्याल रखा जा रहा था कि युवक को चोट ना पहुंचे। मौके पर मोहल्लेवासियों की भीड़ भी पहुंच गई थी और सभी युवक के लिए दुआ कर रहे थे। सभी की प्रार्थना काम आई और युवक को बाहर निकाल लिया गया। पुलिस भी मौके पर पहुंची। युवक को थोड़ा सा शांत करने के बाद पूछताछ की गई तो पता चला कि वह मूलत मध्यप्रदेश के कोतमा क्षेत्र का है। यहां वह काम खोजने के लिए आया था। शनिवार की सुबह वह कश्यप कालोनी स्थित संजय बैग के पास पहुंचा था कि नाली में गिर गया। इसके बाद उसे कुछ समझ नहीं आया और 200 मीटर दूर कश्यप कालोनी के गली नंबर एक तक पहुंच गया। मोहल्लेवासियों नीलम तिवारी, आनंद तिवारी, गुड्डा पांडे और गुलाब चौरसिया ने बताया कि सबसे अच्छी बात रही कि युवक जान बच गई और उसे सही सलामत निकाल लिया गया।

## ढाई करोड़ में बन रही पानी टंकी 9 करोड़ से बिछ रही पाइप लाइन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घुरू में 15 वें वित्त आयोग से ढाई करोड़ की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। 175 केएल की क्षमता से निर्माणाधीन इस टंकी के शुरू हो जाने से घुरू अमेरी क्षेत्र में जल आपूर्ति सुचारू रूप से हो सकेगी। इस निर्माणाधीन पानी टंकी और पाइपलाइन कार्य का शनिवार को निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने निरीक्षण किया।

इस दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों और ठेकेदार को शीघ्र ही इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि पानी टंकी निर्माण में पचास प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी तरह सिरगिट्टी में हर साल होने वाले जल संकट को दूर करने के लिए अमृत मिशन योजना के तहत संचालित बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से 9 करोड़ की लागत से सिरगिट्टी तक साढ़े चार किमी पाइपलाइन का विस्तार किया जा रहा है। इस कार्य का भी निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने निरीक्षण किया। निगम कमिश्नर ने कहा कि यह कार्य जनहित की दृष्टी से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस कार्य को जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ पूरा करें ताकि सिरगिट्टी क्षेत्र के वासियों को इसका लाभ मिल सकें। विदित है कि सिरगिट्टी क्षेत्र में गर्मी के मौसम में भू जल स्तर गिरने की वजह से हर साल पानी की समस्या हो जाती है, जिसके निराकरण के लिए अमृत मिशन के तहत बिरकोना प्लांट से सतही जल पहुंचनाने का कार्य किया जा रहा है।

#### वैक्सीनेशन और बधियाकरण की भी जानकारी ली

पाइपलाइन विस्तार के बाद बिरकोना स्थित प्लांट से पानी मिलने पर सिरगिट्टी क्षेत्र में पानी की समस्या से निजात मिलेगा। इसके अलावा निगम कमिश्नर ने डॉग सेल्टर का भी निरीक्षण कर कुत्तों को पकड़ने और रखने की जानकारी ली। इसके अलावा सेल्टर में वैक्सीनेशन और बधियाकरण की भी जानकारी लेकर निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने रख रखाव संबधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



## डिंडोरी की ओर पहुंची बाघिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमरकंटक से पेण्ड्रा के बीच जलेश्वर मार्ग पर एक बाघिन पिछले कई दिनों से खुलेआम सड़क पर विचरण कर रही बाघिन का मूवमेंट डिंडोरी की ओर देखा गया है। विभाग के अनुसार बाघिन ने अब तक किसी तरह का कोई नुकसान नहीं किया है, जिसके बाद अलर्ट जारी करने के साथ मुनादी कराना शुरु कर दिया गया है।

- अब तक किसी नुकसान की सूचना नहीं, विभाग ने किया अलर्ट जारी

गौरतलब है कि गौरेला पेण्ड्रा मरवाही वन विभाग के अंतर्गत अमरकंटक से जलेश्वर पेण्ड्रा मुख्य मार्ग पर मादा बाघिन की मौजूदगी से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बुधवार को अमरकंटक जालेश्वर मार्ग में रात के समय वही मादा बाघिन दिखी, जिसके पग मर्ग को देखा गया। शुक्रवार की रात तक बाघिन के जालेश्वर मार्ग जंगल से होकर अचानकमार टाइगर रिजर्व की तरफ बढ़ने की संभावना थी। वहीं शनिवार को बाघिन का मूवमेंट जालेश्वर मार्ग के बाद डिंडोरी की ओर हो गया है। बाघिन का पूर्व में जो मूवमेंट देखा जा रहा था, वह अचानकमार टाइगर रिजर्व के पास का था। इसके कारण एटीआर के अफसरों से भी बाघिन के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान ट्रैप कैमरे को भी चेक किया गया, जिसमें बाघिन नहीं दिखाई दी। जांच के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि बाघिन मध्यप्रदेश की ओर से अमरकंटक की तरफ बिछड़कर आ गई है, जो एक दो दिन में वापस जा सकती है।

#### अलर्ट है टीम

बाघिन अभी भी जालेश्वर मार्ग के बाद डिंडोरी के क्षेत्र में विचरण कर रही है, जिसके मूवमेंट पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। बाघिन ने अब तक किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया है। टीम को अलर्ट रहने के साथ लगातार मुनादी कराई जा रही है।

-ग्रीष्मी चांद डीएफओ, पेण्ड्रा
मरवाही वन मंडल

## 35 खसरा नंबरों की 10 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री पर रोक, फिर भी खरीदी बिक्री जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध प्लाटिंग कर शहर की खूबसूरती पर दाग लगाने वाले शहर के बहतराई, मोपका और चिल्हाटी क्षेत्र के 35 खसरा नंबरों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए निगम ने उप पंजीयक को पत्र लिखकर जानकारी दी है। इन जमीनों पर भू स्वामियों द्वारा बिना व्यपवर्तन, बिना ले आउट प्लान के जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है। निगम आयुक्त के अनुसार निगम सीमांतर्गत लगातार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

- निगम ने उप पंजीयक को पत्र लिखकर दी है अवैध प्लाटिंग की जानकारी

निगम ने जिन जमीनों की रजिस्ट्री में रोक लगाने के लिए पत्र लिखा है उनमें बहतराई के प.ह.नं. 48 स्थित भूमि खसरा क्र.420/1, 420/2. 439/1-2, 440/1-2, 57/3, 57/10, 463/1, 456, 457, 449, 454 भूमि है जिसके स्वरूप को परिवर्तित कर बिना सक्षम प्राधिकारी के स्वीकृति प्राप्त किये अवैध कालोनी / प्लाटिंग का निर्माण छोटे-छोटे भू-खण्ड़ों में विभाजित कर विक्रय किया गया है एवं वर्तमान में भी विक्रय किया जा रहा है। यह कृत्य छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-ग (2) प्रावधानों का उल्लंघन है।

#### बिना ले-आउट लगातार प्लॉट काटे जा रहे

दरअसल शहर के आसपास मोपका, चिल्हाटी, सिरगिट्टी, तोरवा, सकरी, मंगला, बैमा-नगोई, कोनी, रतनपुर रोड और उसलापुर जैसे क्षेत्रों में देखी जा रही है। यहां खुलेआम खेतों की बाड़ तोड़कर बिना किसी ले-आउट स्वीकृति के प्लॉट काटे जा रहे हैं। सस्ते दाम और भविष्य में तेजी का लालच देकर दलाल खेती की जमीन को टुकड़ों में बेच रहे हैं। अधिकारियों की मिलीभगत से यह कारोबार बेखौफ चल रहा है। कई बार जमीन दलाल लोगों को सरकारी अनुमति बताकर लोगों को गुमराह करते हैं। जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद लोग अपना मकान बनाने के लिए सरकारी अनुमति के लिए दफ्तरों के चक्कर काटते हैं। अगर किसी ने बिना अनुमति मकान बना लिया तो मोटा जुर्माना वसूल किया जाता है। कॉलोनी के नाम पर नक्शे दिखाकर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। कई मामलों में दलालों ने बाकायदा प्लॉट नंबरिंग कर सड़क व नाली का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपए वसूल लिए हैं।

#### मोपका, चिल्हाटी में इन जमीनों पर लगी रोक

इसी तरह मोपका के खसरा क्रमांक 472/2, 473/6, 473/7, 465/1, 319/2, 320/1, 322/1. 323/1, 1317/1, 1317/1, 1317/17, 2100/2, 2100/24, क्षेत्रफल लगभग 1.2612 हेक्टेयर और चिल्हाटी के खसरा क्रमांक 294/1, 294/2, 294/3, 294/5,294/4, 294/8, 294/9, 294/10, 299/4, 299/5, 300/4, क्षेत्रफल लगभग 0.7306 हेक्टेयर, भूमि के स्वरूप को परिवर्तित कर बिना सक्षम प्राधिकारी के स्वीकृति प्राप्त किये अवैध कालोनी/प्लाटिंग का निर्माण छोटे-छोटे भू-खण्ड़ों में विभाजित कर विक्रय किया गया है।

#### पत्र लिखा गया है

बहतराई, मोपका और चिल्हाटी क्षेत्र के 35 खसरा नंबरों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए उप पंजीयक को पत्र लिखा गया है। इन जमीनों पर भू स्वामियों द्वारा बिना व्यपवर्तन, बिना ले आउट प्लान के जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है। जमीनों की खरीदी बिक्री के बारे में जानकारी मांगी गई है।

**- प्रकाश कुमार सर्वे**
निगम आयुक्त

## एसएसपी ने बीट प्रभारियों से कार्यों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी विभिन्न बीटों में जाकर प्रभारियों से रूबरू हुए, उन्होंने बीट प्रभारियों से उनके कार्यों की जानकारी लेकर दिशा निर्देश दिया है।

आईजी रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर रेंज में बीट प्रणाली शुरू की गई है। शहर के सभी वार्डों में आरक्षक से लेकर अधिकारियों को बीट प्रभारी बनाया गया है। उनके द्वारा लोगों से मिलकर वाट्सएप ग्रुप बनाया जा रहा है। इसके अलावा कई प्रकार की जानकारी एकत्रित करना है। वहीं लोगों के साथ बैठकर उस क्षेत्र की सूचना संकलन करना है। शनिवार को एसएसपी रजनेश सिंह बीट प्रणाली का कार्यों की समीक्षा करने के लिए शहर में निकले।

- प्रणाली का कार्यों की समीक्षा करने निकले शहर

उन्होंने सरकण्डा के बीट 1 नूतन चौक, बीट 3 प्रभात चौक में जाकर बीट प्रभारी से मिलकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी ली उसके बाद बीट प्रणाली को बेहतर तरीके अमल में लाने दिशा निर्देश दिया है। इसी प्रकार एसएसपी श्री सिंह कोनी, सिविल लाइन क्षेत्र में भ्रमण कर बीट प्रभारियों से रूबरू होकर उनके कार्यों की समीक्षा की गई है।

## रेलवे की आटो गुमटी का ताला तोड़कर चोरी

**बिलासपुर।** रेलवे की आटो गुमटी का ताला तोड़कर पंखा और अन्य सामानों की चोरी की गई। इसकी सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम ने खोजबीन करने के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चोरी का सामान जब्त कर लिया गया है। चोरों ने गुमटी का ताला तोड़कर कमरे में लगे दो एग्जॉस्ट फैन, रिले रूम का ताला तोड़कर अर्थिंग केबल, आईपीएस रूम में स्थित पावर रैक को क्षतिग्रस्त किया और दीवार में लगे दो एग्जॉस्ट फैन निकालकर चोरी कर ले गए। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर जोन के महानिरीक्षक सह प्रधान सुरक्षा आयुक्त मुनव्वर खुर्शीद के निर्देश पर आरपीएफ की टीम ने मामले की जांच शुरु कर दी। इस दौरान बाइक पर वजनी सामान लेकर आ रहे दो व्यक्तियों को घेराबंदी कर रोका गया। पूछताछ में इंदिरा आवास भंडारा निवासी श्रीकांत ऋषि केंवट 33 वर्ष और वरठी जिला भंडारा निवासी शेखर शिवशंकर वरवाडे ने स्वीकार किया कि रेलवे गुमटी का ताला तोड़कर एग्जॉस्ट फैन एवं कॉपर केबल चोरी कर झाड़ियों में छिपा दिया था। रेलवे के सामानों को दोनों कबाड़ी के पास बेचने के लिए लेकर जा रहे थे। आरपीएफ की टीम ने आरोपियों के पास से चोरी की रेल संपत्ति जब्त करने के बाद धारा अ रेल संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम के तहत मामला कायम करने के बाद गिरफ्तार कर लिया है।



हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

